दैनिक
# नवयत
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 51 | सीकर, शनिवार 18 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# महिला आरक्षण की राह में 'महाब्रेक'
## लोकसभा में गिरा संविधान संशोधन बिल
## पास होने के लिए चाहिए थे 352, मिले 298



नई दिल्ली

लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल यानी 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर दो दिनों तक लगातार चली चर्चा के बाद आज (शुक्रवार, 17 अप्रैल को) शाम हुई वोटिंग में ये बिल गिर गया है। यानी ये संविधान संशोधन बिल लोकसभा से पारित नहीं हो सका। कुल 298 सांसदों ने इस बिल के पक्ष में मतदान किया, जबकि 230 सांसदों ने इसके विरोध में मतदान किया। मतदान में कुल 528 सांसदों ने हिस्सा लिया।

सदन में मौजूद सांसदों के इस संख्या के हिसाब से बिल पारित होने के लिए दो तिहाई यानी 352 वोटों की दरकार थी, जो नहीं मिल सका। बता दें कि लोकसभा में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है।

बिल के पक्ष में पड़े वोटों की बात करें तो सत्ता पक्ष के पास कुल 293 सांसदों का समर्थन हासिल था, जबकि उससे पांच वोट ज्यादा मिले लेकिन विपक्ष के बड़े दलों ने एकजुट होकर इस बिल के लिए जरूरी दो तिहाई संख्या बल जुटने नहीं दिया।



**महिला आरक्षण पर महाब्रेक**–इस तरह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सरकार ने इस विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा था, लेकिन उन्हें भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका। इस तरह महिला आरक्षण पर महा ब्रेक लग गया है।

**अन्य दो बिल आगे नहीं बढ़ा रहे**–संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राय विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को आगे नहीं बढ़ा सकते।

**राहुल ने कहा पुराना बिल लागू करें**–लोकसभा में बिल गिरने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह महिला आरक्षण विधेयक नहीं था बल्कि चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी...यह संविधान पर आक्रमण था.. इसलिए इसे हमने गिरा दिया है।

## हनुमानगढ़ में बारिश, ओले गिरे; अनाज भीगा

जयपुर।

राजस्थान में शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। हनुमानगढ़ के नोहर में बारिश के साथ ओले गिरे। नोहर अनाज मंडी में बारिश से अनाज भीग गया। वहीं चूरू के राजगढ़ में बारिश के साथ तेज आंधी भी चली। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से आज 5 से ज्यादा जिलों में हल्की बरसात हो सकती है। जयपुर सहित कई जिलों में गुरुवार रात से ही घने बादल छाए हुए हैं। वहीं, गुरुवार को प्रदेश के अधिकतर जिलों में तेज गर्मी रही। बाड़मेर और जैसलमेर में तापमान 43 डिग्री के करीब रिकॉर्ड हुआ। 18 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

### नए सिस्टम के कारण अचानक बदला मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया– एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा, जिसके असर से राज्य में मौसम में बदलाव हुआ है। 16 अप्रैल को दोपहर बाद पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के इलाकों में इसका असर दिखा। हल्के वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से इलाकों में बादल छाए और धूप थोड़ी कमजोर हुई। सिस्टम का असर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, अलवर के इलाकों में दिख सकता है। इन जिलों में आज बारिश की संभावना है। जयपुर में गुरुवार देर शाम से गर्मी कम हुई है।

### 43 डिग्री के करीब दिन का पारा


पिछले 24 घंटे में सभी जिलों में सुबह से दोपहर तक आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर और 42.8 जैसलमेर में दर्ज हुआ। इन जिलों में हीटवेवट को लेकर भी अलर्ट है। रेगिस्तानी जिले बीते कई दिनों से तेज गर्मी की चपेट में है। यहां चल रही गर्म हवा के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

## अंतरिक्ष युग का सबसे व्यस्त वर्ष 2025 रहा, स्पेस डेब्रिस एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा




नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता रिपोर्ट 2025 (इसर-2025) में अंतरिक्ष गतिविधियों में अभूतपूर्व वृद्धि का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 अंतरिक्ष युग की शुरुआत के बाद अब तक का सबसे व्यस्त वर्ष साबित हुआ। एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर कुल 328 अंतरिक्ष प्रक्षेपणों का प्रयास किया गया, जिनमें से 315 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन अभियानों के माध्यम से 4,198 परिचालन उपग्रहों सहित कुल 4,651 नवीन अंतरिक्ष पिंडों को उनकी निर्धारित कक्षाओं में स्थापित किया गया। अंतरिक्ष गतिविधियों में यह वृद्धि पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 254 प्रक्षेपणों द्वारा 2,963 पिंड अंतरिक्ष में भेजे गए थे, जबकि 2023 में 212 प्रक्षेपणों के जरिए यह संख्या 3,135 थी। इस प्रकार, वर्ष 2025 में अंतरिक्ष पिंडों की संख्या में लगभग 74.5 प्रतिशत की अभूतपूर्व वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस रिकॉर्ड वृद्धि का बड़ा कारण राइडशेयर लॉन्च मिशन थे। ट्रांसपोर्टर 12, 13, 14 और 15 मिशनों (14 जनवरी, 15 मार्च, 2 जून और 28 नवंबर) में आमतौर पर 70 से अधिक पेलोड शामिल थे। सबसे ज्यादा 28 नवंबर को 140 पेलोड लॉन्च किए गए। 28 अप्रैल 2025 को स्टारलिंक के दो बैच एक साथ लॉन्च हुए। सोयुज-2.1बी ने 28 दिसंबर को 52 पेलोड भेजे। स्टारलिंक के कुल 10749 सैटेलाइट्स में से 9396 अभी भी कक्षा में हैं, जबकि 1353 फिर से प्रवेश कर चुके हैं। वही, अंतरिक्ष मलबे की स्थिति पर रिपोर्ट में चिंता व्यक्त की गई है। वर्ष 2025 में कुल 1911 वस्तुएं वायुमंडल में फिर से प्रवेश कर गईं। इनमें 1002 ज्ञात अंतरिक्ष यान, 657 मलबा वस्तुएं, 108 रॉकेट पिंड और 144 अज्ञात वस्तुएं शामिल थीं।



# नीट यूजी परीक्षा-2026 को लेकर निर्देश

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीए नई दिल्ली द्वारा रविवार, 03 मई, 2026 को दोपहर 02 बजे से सायं 05 बजे तक जिले में कुल 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली नीट यूजी- 2026 परीक्षा को लेकर समुचित निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशानुसार पुलिस विभाग को सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए 02 से 03 मई, 2026 तक सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती और कम से कम एक दिन पहले सभी केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्राधीक्षकों व समन्वयकों के साथ समन्वय से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनेए परीक्षा केन्द्रों के बाहर यातायात को प्रबंधित करने व उम्मीदवारों के सुगम प्रवेश व निकास सुनिश्चित करने, उम्मीदवारों का व्यवस्थित प्रवेश सुनिश्चित करना और अनधिकृत प्रवेश को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में डिस्कॉम अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान निरंतर व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जिला परिवहन अधिकारी चूरू/सुजानगढ़ तथा चूरू/सरदारशहर रोडवेज आगार प्रबंधकों को परीक्षा केन्द्रों वाले शहरों तक विशेष बस सेवाएं सुनिश्चित करने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज व चूरू नगरपरिषद को किसी भी चिकित्सा या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए परीक्षा केंद्रों पर संभावित आवश्यकता के बारे में एंबुलेंस और अग्निशमन सेवाओं को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार शिक्षा अधिकारियों, सभी केन्द्राधीक्षकों, सीएमएचओ व एसजेईडी अधिकारियों को शारीरिक रूप से अक्षम उम्मीदवारों के लिए नामित केंद्रों पर व्हीलचेयरदिव्यांगों के अनुकूल व्यवस्था करने, पीएम केन्द्रीय विद्यालयप्राचार्य, सभी केन्द्राधीक्षकों व सीडीईओ को डीएलसीसी सदस्यों द्वारा निर्धारित केंद्रों का परीक्षा-पूर्व दौरा सहित अन्य संबंधित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में जारी निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों में प्रेस और मीडिया कर्मियों का प्रवेश सख्त वर्जित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा प्राधिकरण एनटीए के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार का साक्षात्कार या बयान देना प्रतिबंधित किया गया है।

# फिर से लौटी खोई रंगत

## शिक्षकों की मेहनत से 426 पार पहुंचा नामांकन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के जौहरी राजकीय उच्च माध्यमिक नोडल विद्यालय की खोई रंगत फिर से लौट रही है। यहां विद्यालय में शिक्षकों की मेहनत और प्राचार्य मनीष सिंघाटिया के प्रयासों से शिक्षण व्यवस्था पटरी पर दौड़ने लगी है। सिंघाटिया के नेतृत्व में पिछले दो सप्ताह में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम और हाउसहोल्ड सर्वे के जरिए 115 नए छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ है। यह ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों में कम समय में हुआ सबसे बड़ा नामांकन माना जा रहा है। विद्यालय में जहां सत्र 2025-26 में कुल नामांकन 295 था, वहीं अब यह बढ़कर 426 तक पहुंच गया है। इस उपलब्धि में सर्वे प्रभारी प्रकाश स्वामी, उप प्राचार्या विशाखा खेरवा, शिक्षक किशनाराम, गंगादेवी, शेर मोहम्मद, हेल्प डेस्क प्रभारी भंवराराम, शिक्षिका मंजू चौहान, ओमप्रकाश गोरा, हर्षवर्धन नांदु, रविकुमार और लालाराम सहित पूरे स्टाफका विशेष योगदान रहा है।

### अतिरिक्त कक्षाओं से छात्रों को मिल रहा लाभ

विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की पढ़ाई को निरंतर बनाए रखने के लिए नियमित स्कूल समय के अलावा भी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतिदिन सुबह एक घंटे की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे कमजोर विद्यार्थियों को विषयों को समझने में सहयोग मिल रहा है। इसके अलावा ग्रीष्मावकाश के दौरान भी विद्यालय परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। प्रिंसिपल मनीष ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 11वीं और 12वीं में कृषि संकाय चुनने वाली छात्राओं के लिए विशेष योजना के तहत 15 हजार रुपये प्रतिवर्ष एकमुश्त छात्रवृत्ति का प्रावधान किया गया है, जिससे बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिल रहा है।

# अवैध शराब के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध देशी शराब के 53 पव्वे बरामद किए हैं । पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि अवैध शराब की रोकथाम के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता एवं सहायक पुलिस आयुक्त सदर धर्मवीर सिंह के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। थानाधिकारी माधोसिंह के नेतृत्व में टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी राजकुमार को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध देशी शराब घूमर के 53 पव्वे बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी राजकुमार निवासी छीपाबड़ौद, जिला बारां का रहने वाला है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक शातिर अपराधी है और उसके विरुद्ध बारां के छीपाबड़ौद थाने में आर्म्स एक्ट और आरपीजीओ के तहत पूर्व में 6 मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी माधोसिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, रामनिवास और कांस्टेबल सतवीर व श्रवण कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस : डीजीपी शर्मा ने समाज के तीन असली नायकों को किया सम्मानित

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेशभर में ऐसे कई लोग हैं जो आपदा प्रबंधन के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में, महिला एवं बाल अत्याचार के मामलों में सहित विविध अपराधों की रोकथाम तथा अपराधियों की गिरफ्तारी में सहायक सूचनाएं उपलब्ध कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने सहित अन्य प्रकार से पुलिस कार्यों में उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले इसी प्रकार के लोगों के के कार्यों को प्रोत्साहित करने व अन्य लोगों को भी प्रेरित करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस के 77 वें स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर राजस्थान पुलिस ने समाज के उन अनसंग हीरोज का सम्मान किया जिन्होंने निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा कर पुलिस का सहयोग किया है। समारोह की सांस्कृतिक संध्या के दौरान महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने सिरोही के प्रकाश प्रजापति, झालावाड़ के सुजीत कश्यप और उदयपुर की सिंधु बिनुजीत को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए राज्य स्तरीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच की यह भागीदारी ही एक सुरक्षित और संवेदनशील प्रदेश की नींव है। उन्होंने इन तीनों के कार्यों को पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का पुंज बताया। श्री शर्मा ने कहा कि पुलिसिंग केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाना भी है। उन्होंने प्रकाश प्रजापति, राम कश्यप और सिंधु बिनुजीत के कार्यों को अनुकरणीय बताया। सिरोही के समाजसेवी प्रकाश प्रजापति पिछले 27 वर्षों से पुलिस और प्रशासन के संकटमोचक बने हुए हैं। इन्होंने अब तक 1584 लावारिस एवं दुर्घटना में मृत शवों को नि:शुल्क गंतव्य तक पहुँचाया और विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर मानवता का फर्ज निभाया। कोरोना काल जब लोग अपनों को छूने से कतरा रहे थे, तब प्रकाश जी ने 360 कोरोना पॉजिटिव शवों का अंतिम संस्कार करवाया। स्वयं देहदान की घोषणा करने के साथ ही इन्होंने 19 अन्य लोगों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया है। झालावाड़ के राम कश्यप ने कई मौकों पर देवदूत बनकर लोगों की जान बचाई है।

दिसंबर 2025 की कड़ाके की ठंड में झाड़ियों में लावारिस छोड़े गए एक नवजात की जान बचाकर उन्होंने न केवल अस्पताल पहुँचाया बल्कि पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे कानूनी संरक्षण दिलाया। सड़क दुर्घटनाओं से लेकर मेले में हुए हादसों और कोटा रेफर किए गए गंभीर मरीजों के साथ ये साये की तरह खड़े रहे। वर्ष 2022 की बाढ़ के दौरान उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर 15-20 परिवारों को सुरक्षित निकाला। संभाग स्तरीय बाल सुरक्षा सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने स्मार्ट पुलिसिंग और बाल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। डूंगरपुर से शुरू हुआ उनका बाल मित्र थाना और सुरक्षित विद्यालय नवाचार आज पूरे उदयपुर रेंज में मिसाल है। उन्होंने वत्सल वार्ताओं के माध्यम से बच्चों और पुलिस के बीच के डर को आत्मीयता में बदल दिया।

यूनिसेफ के साथ मिलकर इन्होंने बी.टी. कॉटन क्षेत्रों में होने वाले बाल श्रम और पलायन को रोकने में निर्णायक भूमिका निभाईए जिसकी सराहना स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा भी की जा चुकी है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से उत्साहित मातृ शक्ति ने निकाली वाहन रैली

सुरेन्द शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम से उत्साहित मातृ शक्ति द्वारा शुक्रवार को वाहन रैली निकाली गई। कार्यक्रम प्रभारी निकिता राठौड़ के मुख्य आतिथ्य व अनिता शर्मा की अगुवाई में मातृ शक्ति की मौजूदगी में भाजपा पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। वाहन रैली को पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, मनोज बाटड़ ने परशुराम पार्क के पास हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली यहां से दूजोद गेट, घंटाघर, जाट बाजार तक निकाली गई। अनिता शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश की महिलाओं को संसद व विधानसभा में 33 प्रतिशत भागीदारी का अवसर प्रदान किया है। महिलाओं में इसी को लेकर खुशी का माहौल है। मातृ शक्ति ने भारत माता के जयकारों के साथ वाहन रैली में भाग लिया और मानव श्रृंखला बनाकर हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किए। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, इंद्रा चौधरी, निकिता राठौड़, डॉ. अर्चना पुरोहित, सुमित्रा सैनी, मंजू वर्मा, नीलम मिश्रा, शालिनी माथुर, प्रियंका बाजिया, शारदा काबरा, अनुराधा, कुसुमलता पुजारी, भंवरी खोखर, कविता चौधरी, स्नेहा सैनी, भाविका मील, वीना वर्मा, संगीता रूलानिया, सोनू सोनी, सरिता शर्मा, संतोष दायमा, सरिता शर्मा, सुमन शर्मा, मधुमति कुमावत, कुमकुम माथुर, परमेश्वरी देवी, संतोष खंडेलवाल, सरोज, फुलवती कुमावत, राजेश रोलन, रमेश जलधारी, नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र बाजिया, सुमित जोशी, नरेश सैन आदि मौजूद रहे।

# सरकार से निराश पशुपालक अब भगवान श्रीराम की शरण में

## ओरण-गोचर भूमि बचाने की गुहार अब राम दरबार में



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पश्चिमी राजस्थान की तपती रेत से उठी पशुपालकों और किसानों की पीड़ा अब आस्था के द्वार तक पहुंचने जा रही है। तनोट माता मंदिर से 21 जनवरी को शुरू हुई ओरण-गोचर भूमि बचाने की पदयात्रा तीन माह का सफर तय कर जयपुर पहुंची है। सैकड़ों पशुपालक और किसान इस यात्रा के जरिए अपनी पारंपरिक जमीनों और जल स्रोतों को बचाने की मांग उठा रहे हैं, लेकिन लगातार मिल रहे आश्वासनों के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होने से अब उन्होंने भगवान श्रीराम अयोध्या की शरण में जाने का निर्णय लिया है। पद यात्रियों की मुख्य मांग ओरण देव वन, गोचर भूमि, तालाब, खड़ीन, आगोर और प्राचीन कुओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की है। उनका कहना है कि ये संसाधन केवल जमीन का हिस्सा नहीं, बल्कि उनकी आजीविका, संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों का आधार हैं। ओरण बचाओ यात्री सुमेर सिंह और भोपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रशासन और सरकार के सामने कई बार गुहार लगाई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। तीन माह की इस लंबी यात्रा के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सरकारी उदासीनता के कारण जैसलमेर जिले में लाखों पशुओं के लिए प्राकृतिक चारागाहों पर संकट गहराता जा रहा है। यदि समय रहते इन भूमि और जल स्रोतों को संरक्षित नहीं किया गया, तो पशुधन और ग्रामीण जीवन पर गंभीर असर पड़ेगा। अब यह पदयात्रा जयपुर से अयोध्या के लिए रवाना होगी, जहां पदयात्री भगवान श्रीराम के समक्ष अपनी पीड़ा का ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। पद यात्रियों का कहना है कि जब शासन-प्रशासन से उम्मीद टूटने लगती है तो आस्था ही अंतिम सहारा बनती है।

उन्होंने कहा कि हम जंगल बचाने निकले हैं, क्योंकि यही हमारे जीवन का आधार है। जब हमारी बात सरकार तक नहीं पहुंची तो अब हम राम दरबार में अपनी फरियाद लेकर जाएंगे। पदयात्रियों ने चेतावनी दी है कि यदि अयोध्या यात्रा के बाद भी उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो वे जैसलमेर लौटकर बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेंगे। यह पदयात्रा अब केवल मांगों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह उस संघर्ष का प्रतीक बन गई है, जिसमें एक ओर विकास की दौड़ है और दूसरी ओर प्रकृति, परंपरा और आजीविका को बचाने की जंग है।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर जागरूकता रैली आयोजित




बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान की जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नर्सिंग स्टूडेंट्स की ओर से निकाली गई रैली को शहीद पार्क से स्थानीय विधायक राजेंद्र भांभू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग, जिला प्रमुख हर्षिणी कुलहरी, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह, पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू, एएनएमटीसी प्राचार्य सुरेन्द्र डिग्रवाल मौजूद रहे। विधायक राजेंद्र भांभू ने एचपीवी वैक्सीन को महिलाओं के दृष्टि से बहुत महत्वाकांक्षी और उपयोगी बताया। जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग बताया कि 24 अप्रैल से सात दिवसीय विशेष एचपीवी वैक्सीन कैंपेन चलाकर जिले के 177 संस्थानों पर टीके लगाए जाएंगे हमरा यह प्रयास है कि जिले की सभी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की यह वैक्सीन लगाई जाए.इस सिंगल डोज से उसे पूरे जीवन भर सर्वाइकल से सुरक्षा मिलेगी। जिला प्रमुख हर्षिणी कुलहरी ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यह सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन सभी निर्धारित आयु वर्ग की बेटियों को लगाई जाए। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि 24 अप्रैल से शुरू होने वाले कैंपेन की तैयारियां पूरी कर ली गई है पूरे जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पीएचसी तक वैक्सीन उपलब्ध रहेगी शिक्षा विभाग को दिए प्लान के अनुसार शिक्षा विभाग टीकाकरण के लिए बेटियों को इन सेंटर्स तक लेकर आए और टीका लगाए। बाजार में यह वैक्सीन करीब 5 हजार रुपए की आती हैं जो सरकार नि:शुल्क उपलब्ध करवा रही है। सिंगल डोज में पूरी सुरक्षा मिलेगी। इस अवसर पर सर्वाइकल कैंसर से बचाव की जानकारी एचपीवी वैक्सीन अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया।

# दिशा की प्रथम त्रैमासिक की बैठक 23 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** सांसद राहुल कस्वां की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को सवेरे 11 बजे जिला परिषद सभागार में जिला विकास समन्वयक और निगरानी समिति (दिशा) की वर्ष 2026-27 की प्रथम त्रैमासिक की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर एवं दिशा के सदस्य सचिव जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना : सुनील कुमार को मिली सरकारी नौकरी

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। प्रदेश सरकार की योजनाएं सही हाथों तक पहुंचकर जीवन बदल रही हैं और युवा हितैषी निर्णयों, नीतियों व योजनाओं से युवा अब अपने सपनों को साकार कर पा रहे हैं। ऐसे ही प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना से चूरू जिले के गांव उंटवालिया निवासी सुनील कुमार की तकदीर बदल गई है। कभी आर्थिक रूप से कमजोर रहे सुनील कुमार मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में नि:शुल्क कोचिंग कर अब राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना का लाभ उठाकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों को पार किया। सुनील कुमार बताते हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति सामान्य थी और सीमित संसाधनों के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना उनके लिए कठिन था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पढ़ाई को निरन्तर रखना काफी मुश्किल हो रहा था। इसी दौरान उन्हें राज्य सरकार की मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने योजना अंतर्गत नि:शुल्क कोचिंग हेतु आवेदन किया। उनका आवेदन स्वीकृत होने के बाद उनका चयन धुरिना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कोचिंग संस्थान में हुआ, जहां उन्हें बेहतरीन शैक्षणिक मार्गदर्शन मिला और उनका चयन राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में हो पाया। सुनील बताते हैं कि उन्हें चूरू जिले में नियुक्ति मिली और 16, फरवरी, 2026 से वह ग्वालियर, मध्यप्रदेश में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने 14 सितंबर, 2025 को भर्ती परीक्षा में भाग लिया और 16 दिसंबर, 2025 को अंतिम परिणाम में उनका कांस्टेबल पद पर राजकीय सेवा में चयन हो गया। वर्तमान में वे राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर कार्यरत हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सुनील कुमार अपनी सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना को देते हुए कहते हैं कि योजना अंतर्गत नि:शुल्क कोचिंग हो पाने से आज उनका भविष्य सुरक्षित हो पाया है। इस योजना का लाभ मिलने से ही उनके सपने साकार हो पाए हैं। वह बताते हैं कि आज राजस्थान में बिना पेपर लीक के समयबद्ध ढंग से भर्ती परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। आज इसी वजह से उनका भी चयन राजकीय सेवा में संभव हो पाया है और उनका भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

# 5 वर्षों में 10 लाख युवाओं को कौशल देने की तैयारी

## एनएसडीसी-राजस्थान सरकार का रोडमैप शुरू

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में कौशल विकास को नई गति देने के लिए नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एनएसडीसी और राज्य सरकार ने मिलकर बड़ा कदम उठाया है। जयपुर में आयोजित राजस्थान स्टेट-एनएसडीसी सेक्टर स्किल काउंसिल एसएससी कौशल संवाद में अगले पांच वर्षों में करीब 10 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के रोडमैप पर काम शुरू किया गय। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने कीए जबकि एनएसडीसी के सीईओ अरुण कुमार पिल्लई ने 28 सेक्टर स्किल काउंसिल के प्रतिनिधियों के साथ भाग लिया। वर्कशॉप में टूरिज्म, ग्रीन एनर्जी, जेम्स एंड ज्वेलरी, मैन्युफैक्चरिंग और फूड प्रोसेसिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस तय किया गया। साथ ही जयपुर में वर्ल्ड-क्लास स्किल इंस्टीट्यूट और स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित करने तथा 10-15 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित करने की योजना रखी गई है, जिसके लिए राज्य सरकार ने 450 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत राज्य में 2.5 लाख से अधिक और पीएम विश्वकर्मा योजना में 2.3 लाख से ज्यादा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रमाणित किया जा चुका है। बैठक में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी जैसे उभरते क्षेत्रों में स्किलिंग बढ़ाने, जिला स्तर पर स्किल गैप आकलन और स्वयं सहायता समूह व किसान उत्पादक संगठनों को कौशल से जोड़ने पर जोर दिया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने कहा कि राज्य इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने को प्रतिबद्ध है। वहीं एनएसडीसी के सीईओ पिल्लई ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 10 लाख युवाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में आरएसएलडीसी के एमडी ऋषव मंडल, एनएसडीसी के सीओओ प्रशांत सिन्हा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# राजमंदिर में सजी सितारों की महफिल : अंतस 2 का भव्य आगाज

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** सोनम टेली फिल्म्स के बैनर तले बनी बहुप्रतीक्षित हिंदी फिल्म अंतस 2 का सोनम टेली फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को प्रीमियर के दौरान दर्शकों का शानदार प्रतिसाद मिला और पूरा सिनेमा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रीमियर के दौरान निर्देशक सुरेन्द्र स्वामी, प्रोड्यूसर सुरेश कुमार, सोनम जी एक्ट्रेस श्रेया खन्ना, एक्टर आलोक भारद्वाज, लेखक महेश रुणिवाल, हिंडोन विधायक अनीता जाटव, एसीपी अमजद खान, राजस्थानी एक्टर राज जांगिड़, श्रवण सागर, आरके सारा, राजवीर गुर्जर बस्सी, चरण सिंह पथिक, राधेश्याम पीपलवा, गणेश महाराज सहित कई लोग मौजूद रहे। निर्देशक सुरेंद्र स्वामी की यह पहली बड़े स्तर की फिल्म है, जिसे दर्शकों और फिल्म जगत की हस्तियों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। प्रीमियर के दौरान मौजूद अतिथियों ने फिल्म के निर्देशन, कहानी और कलाकारों के अभिनय की सराहना की। फिल्म की कहानी राजस्थान की खूबसूरत लोकेशनों–जयपुर की सड़कों, राजसमंद और उदयपुर की झीलों–की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सरल और भावनात्मक प्रेम कथा है। अंतस की सफलता के बाद आए इस सीक्वल में श्रेया खन्ना और आलोक भारद्वाज की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। फिल्म में श्रेया खन्ना एक युवती की भूमिका निभा रही हैं, जो जयपुर आकर अपने प्रेमी की तलाश में एक सादगी भरे टैक्सी ड्राइवर आलोक भारद्वाज से मिलती है और उसकी सरलता से प्रभावित होकर उससे प्रेम करने लगती है। अभिनेता आलोक भारद्वाज ने अपने किरदार को सहजता और प्रभावी ढंग से निभाया है। फिल्म की कहानी लेखक महेश रुणिवाल द्वारा लिखी गई है, जबकि निर्माता सुरेश कुमार ने फिल्म के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा है। निर्देशक सुरेंद्र स्वामी ने कहा कि जयपुर में इस फिल्म का प्रीमियर उनके लिए एक सपने के साकार होने जैसा है। उन्होंने दर्शकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में सफल होगी। जयपुर के राज मंदिर प्रीमियर मेरे सपनों का सच हुआ। राजस्थानी सितारों का साथ, उनकी सराहना और दर्शकों का प्यार देखकर गदगद हूं। यह फिल्म हर दिल को छुएगी! मेरी पहली बड़ी फिल्म जयपुर की सड़कों पर बनी प्रेम कहानी दर्शकों को बांध लेगी। टीम के सहयोग से सपना साकार हुआ। अभिनेत्री श्रेया खन्ना ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जयपुर में मिला उत्साहपूर्ण स्वागत उनके लिए बेहद खास रहा और यह फिल्म उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी। प्रीमियर में जयपुर की ऊर्जा कमाल की रही। राजस्थानी सितारों से मिलना सम्मानजनक। मेरी भूमिका और आलोक संग केमिस्ट्री ने सबको पसंद आया जयपुर की इस शूटिंग ने मुझे सादगी का असली मतलब सिखाया। अंतस 2 मेरे करियर का माइलस्टोन है। अभिनेता आलोक भारद्वाज ने कहा कि एक आम व्यक्ति के किरदार को निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन निर्देशक के मार्गदर्शन में यह अनुभव यादगार रहा। टैक्सी ड्राइवर की सादगी राज मंदिर प्रीमियर में चमकी। राजस्थानी सितारों की सराहना सुनकर खुशी हुई। टैक्सी ड्राइवर की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन सुरेंद्र सर के निर्देशन में मजा आया। यह आम आदमी की कहानी हर दिल को छुएगी। फिल्म के प्रोड्यूसर सुरेश कुमार ने बताया अंतस 2 का प्रीमियर सफल रहा। राजस्थानी सिनेमा दिग्गजों का समर्थन गर्व की बात। दर्शकों का इंतजार अब खत्म अंतस की सफलता के बाद अंतस 2 बनाना गर्व की बात। हमारी टीम ने क्वालिटी पर कोई कसर नहीं छोड़ी। दर्शकों का प्यार ही लक्ष्य। लेखक महेश रुणिवाल ने फिल्म को बॉलीवुड और राजस्थान की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का खूबसूरत संगम बताया और कहा कि लोकेशनों ने कहानी को जीवंत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रीमियर के दौरान उपस्थित फिल्मी हस्तियों ने निर्देशक के विजन और कलाकारों की नेचुरल एक्टिंग की सराहना की। फिल्म की सफलता के बाद निर्माता ने भविष्य में भी राजस्थान में फिल्म निर्माण जारी रखने और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की बात कही।

## माता-पिता की स्मृति में अनूठी पहल

### दो भाइयों ने मुक्तिधाम में बनवाया पक्षियों के लिए चुग्गा घर

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के बिबाणी मुक्तिधाम में दो भाइयों ने अपने माता–पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने यहां पक्षियों के लिए चुग्गा घर (फीडिंग हाउस) का निर्माण करवाया, जिससे अब पक्षियों को दाना–पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। सुशील कुमार व नरेश कुमार नारनोली ने बताया कि उनके माता–पिता को जीव–जंतुओं और प्रकृति से विशेष लगाव था। उनकी इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में चुग्गा घर बनवाने का निर्णय लिया। यह पहल न केवल पक्षियों के संरक्षण में सहायक होगी बल्कि लोगों को भी पर्यावरण व जीवों के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश देगी। स्वर्णकार समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल सोनी व स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। मुक्तिधाम जैसे स्थान पर इस प्रकार की व्यवस्था होने से यहां आने वाले लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे जीवों के प्रति दया और सेवा का भाव रखें। उनका मानना है कि यदि इसी तरह अन्य लोग भी आगे आकर ऐसे छोटे–छोटे प्रयास करें, तो पर्यावरण संरक्षण और जीव–जंतुओं की सेवा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

## संजू नेहरा का किया सम्मान



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के टोंक छिलरी गांव स्थित स्कूल की प्रिंसिपल और पीईईओ संजू नेहरा का ग्राम पंचायत में सम्मान किया गया। दरअसल पंचायत क्षेत्र के उन अधिकारियों और कार्मिकों का सम्मान ग्राम पंचायत भवन में किया गया। जिन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी से और पूरी मेहनत के साथ निर्वहन किया है। इसी क्रम में प्रिंसिपल संजू नेहरा का सम्मान किया गया। उप सरपंच किशनलाल गुर्जर ने बताया कि संजू नेहरा का यह सम्मान उनके और उनके स्टाफ द्वारा गत सत्र में विद्यालय में किए गए शैक्षिक–सहशैक्षिक नवाचारों व उपलब्धियों को लेकर किया गया। इस मौके पर संजू नेहरा को साफा पहनाया गया और मुंह मीठा करवाते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी पूर्ण सिंह शेखावत ने इस अवसर पर कहा कि संजू नेहरा के नेतृत्व में पूरे स्टाफ ने स्कूल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ना केवल परीक्षा परिणाम बल्कि विभिन्न सह शैक्षणिक गतिविधियों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि संजू नेहरा के स्कूल में कार्यभार संभालने के बाद स्कूल के विकास में भामाशाहों को भी प्रोत्साहित कर सहयोग लिया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य भागीरथसिंह गुर्जर, व्याख्याता मुकेश कुमार शर्मा, प्रहलाद सिंह डूडी, बाबूलाल सैनी, वर्षा कुमारी व ग्राम विकास अधिकारी रिछपाल पूनियां का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि वार्ड पंच रक्षपाल सिंह शेखावत, रामकुमार नेचू, टीकमसिंह, ताराचंद मूंड, मंजू देवी, रामलाल सैनी, महेंद्र मूंड आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एमडीएमए 4.10 ग्राम ड्रग्स के साथ नशा कारोबारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत मौखमपुरा थाना पुलिस ने बिचून क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक नशा कारोबारी को अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि मौखमपुरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि बिचून से धोलियों की ढाणी रोड पर एक युवक बाइक पर ड्रग्स बेचने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां बाइक के साथ खड़ा युवक पुलिस को देखकर भागने लगाए जिसे जाप्ते की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी राजवीर उर्फचिन्टू 19 निवासी बिचून की जेब से एक आईफोन और प्लास्टिक की थैली में 4.10 ग्राम सफेद–भूरे रंग का एमडीएमए ड्रग्स पाउडर बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि वह यह मादक पदार्थ सुनील निवासी धोलियों की ढाणी से लेकर आया था। पुलिस ने आरोपी ने आरोपित से ड्रग्स के साथ वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुरेश कुमार, सउनि छाजूराम, कांस्टेबल सुरेश और कमल शामिल थे। विशेष रूप से कांस्टेबल गजानन्द, गोकलेन्द्र और रामजीलाल की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस अब आरोपी से मादक पदार्थ की सप्लाई चेन को लेकर विस्तृत पूछताछ कर रही है।

## पुलिस कमिश्नर ने किया डीजीपी डिस्क एवं राजस्थान पुलिस सेवा पदक से सम्मानित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस सेवा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवायें देने वालेएएक डीजीपी डिस्क एवं प्रमाण पत्र और पांच राजस्थान पुलिस सेवा पदक देकर सम्मानित किया है। पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि डीजीपी डिस्क एवं राजस्थान पुलिस सेवा पदक विशेष कार्य करने वालों को ही दी जाती है। इतनी बड़ी फोर्स में जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाय तो यह उनके काम का भी सम्मान है। बाकी के लोग भी इनसे प्रेरणा लें। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में भी लगनए समर्पण एवं मेहनत से जनता की सेवा का कार्य करते हुए पुलिस का नाम आगे बढ़ाते रहेंगे। डीजीपी डिस्क से कांस्टेबल चालक वासुदेव एवं राजस्थान पुलिस सेवा पदक से हेड कांस्टेबल राम सिंह, कांस्टेबल सीताराम, कांस्टेबल सतवीर सिंह, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल महेंद्र कुमार को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अपराध अजय सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय राजेश कांवट, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय पार्थ शर्मा सहित अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## अमावस्या पर नन्दियों के लिए लापसी सवामणी बनाकर खिलाई



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड़ पर स्थित नन्दीशाला नोखा में वैशाख मास की अमावस्या के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में आज लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई। समिति सदस्य अंकित तोषनीवाल ने बताया कि इस अवसर पर आज 31 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग–अलग दानदाताओं द्वारा किया गया। नन्दीसेवको द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ नन्दियों को खिलाया गया। अमावस्या के पावन अवसर पर आज नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग–अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुवा व चम्पालाल किशोर कुमार चाण्डक परिवार द्वारा चुग्गा नन्दीशाला में पक्षियों के लिए डलवाया गया। श्याम दीवाना संकीर्तन मंडल द्वारा नन्दीशाला में पक्षियों के लिए पक्षी घर बनाया जाएगा मण्डल के निर्मलकुमार झंवर ने बताया कि पक्षियों के लिए पक्षी घर जिसका निर्माणकार्य 19 अप्रेल को सुबह 11 बजे शुभ मूहर्त के साथ पूजा पाठ कर शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर निराश्रित गोवंश सिमिति द्वारा सभी भामाशाहो व श्याम दीवाना संकीर्तन मण्डल का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अंकित तोषनीवाल, निर्मल कुमार झंवर, मूलचन्द तिवाड़ी, राजेश स्वामी, ओमप्रकाश पारीक, कृष्णकान्त झंवर, नारायण लोहिया, चन्द्रप्रकाश भार्गव, रूपेंद्रसिंह, राजू रांका, कपिल गोड़ व मातृ शक्ति और नन्दी सेवक उपस्थित रहे।

## ताश पत्ती पर जुआ खेल रहे 9 गिरफ्तार

निसं

तारानगर (नवयत्न)। पुलिस ने कस्बे में एक मकान पर छापा मार कर वहां ताश पती पर जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। तारानगर थाना प्रभारी आरपीएस स्वाति बूरी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तारानगर कस्बे में गढ़ के पास एक मकान में ताश पत्ती पर जुआ चल रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मकान पर छापा मारकर वहां ताश पत्ती पर जुआ खेल रहे याकुब तेली निवासी वार्ड 31 तारानगर, ईशाक मोहम्मद निवासी वार्ड 33 तारानगर, चेतराम शर्मा निवासी वार्ड 29 तारानगर, मोसममदीन लुहार निवासी वार्ड नं. 14 तारानगर, रामकुमार ब्राहम्ण निवासी भलाऊ टिब्बा, महावीर जाट निवासी कालवास, खिंवकरण मेघवाल निवासी झोथड़ा, मनोज कुमार जाट निवासी झोथड़ा, भंवरसिंह जाट निवासी जिगासरी बड़ी को गिरफ्तार कर उनसे 56,860 रुपए नगद तथा ताश पत्ती जब्त कर ली। पुलिस ने सभी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया। मामले की जांच एसआई सुरेश कुमार यादव कर रहे है।

## फर्जी बायोमेट्रिक्स से आधार बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में आंतरिक सुरक्षा और साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एटीएस और भादरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। संयुक्त टीम ने हनुमानगढ़ जिले के भादरा क्षेत्र में छापेमारी कर मुख्य आरोपी कुलदीप शर्मा को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन के नेतृत्व में यह कार्रवाई एटीएस के आईजी राजेश सिंहए डीआईजी योगेश यादव और एसपी ज्ञानचंद यादव के सुपरविजन में की गई। एटीएस जयपुर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आर्य समाज धर्मशाला के पास स्थित एक अवैध आधार सेंटर पर दबिश दी गई। जांच में सामने आया कि आरोपी कुलदीप शर्मा अन्य व्यक्तियों की ऑपरेटर आईडी का दुरुपयोग कर फर्जी आधार कार्ड बना रहा था। पुलिस को मौके से डमी फिंगरप्रिंट, रेटिना की फोटो प्रतियां और फर्जी हस्ताक्षर के साक्ष्य मिले, जिनके जरिए बायोमेट्रिक सिस्टम को धोखा दिया जा रहा था। पुलिस के अनुसार इस तरह तैयार किए गए फर्जी आधार कार्ड का उपयोग साइबर अपराध, फर्जी सिम जारी कराने और बैंक खातों के माध्यम से ठगी जैसे गंभीर अपराधों में किया जा सकता था। समय रहते कार्रवाई कर पुलिस ने एक बड़ी साजिश को विफल कर दिया। मौके से लैपटॉप, प्रिंटर, आईरिस डिवाइस, फिंगरप्रिंट उपकरण, जीपीएस डिवाइस, कैमरा और मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच भिरानी थानाधिकारी लखवीर सिंह को सौंपी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आरोपी के मोबाइल और लैपटॉप का फोरेंसिक विश्लेषण कर नेटवर्क के संभावित अंतर्राज्यीय लिंक की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में एटीएस जयपुर के एएसआई कुलवीर सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार सहित स्थानीय पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## आज सुबह 2 घण्टे बंद रहेगी बिजली

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** विद्युत रखरखाव कार्य के कारण 18.04.2026 को सुबह 7:00 बजे से 09:00 बजे तक 2 घण्टे बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता 132 केवी तारानगर सुभाष ने बताया कि 132 केवी जीएसएसए आरवीपीएनए सादुलपुर पर 132 केवी सादुलपुर तारानगर लाईन का रख रखाव संबधित कार्य किया जाएगा अतः लाइन का शटडाउन होने के कारण, 132 केवी जीएसएसए तारानगर एवं जीएसएस से निकलने वाले समस्त 33 केवी फीडर यथा–तारानगर सिटीए साहवा जीएसएस राजपुरा एवं बॉय की विद्युत आपूर्ति दिनांक 18–04–2026 को सुबह 7:00 बजे से 09:00 बजे तक बंद रहेगी।

## 67 की उम्र में पवन कुमार का राष्ट्रीय मंच पर जलवा

### योग में सिल्वर जीतकर झुंझुनू का बढ़ाया मान



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** अयोध्या स्थित महर्षि महेश योगी यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में झुंझुनू के योग शिक्षक पवन कुमार ने 55 प्लस आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने जून माह में विदेश में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए भी क्वालिफाई किया है।

उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से झुंझुनू जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। झुंझुनूं आगमन पर नियमित योग कक्षा में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के सानिध्य में पवन कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में चौधरी ने कहा कि 67 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त करना न केवल प्रेरणादायक है बल्कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय भी है। उन्होंने इसे अनुशासन, समर्पण और निरंतर साधना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर जजिंग करने वाले जुडो एवं योग कोच व जज आकाश नेहरा का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों एवं नागरिकों ने पवन कुमार की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डॉ सम्पत बारूपाल, रामनिवास जिनोलिया, रामजीलाल सैनी, राजेंद्र कुमावत, संजय अग्रवाल, ओमप्रकाश मीणा, मनीराम खालिया, नेकीराम धुपिया, बजरंग सैनी, हरिराम खन्ना, राहुल झाझड़िया, मनीराम कुल्हरी, रमेश कुमावत, पवन सिंघल, बंसीलाल भूरिया, जितेन्द्र टीबड़ा, रजनी जिनोलिया, मीनू अग्रवाल, शमीम बानो, सुमित्रा खालिया, प्रीतम रोहिला, आजाद सिंह, पुष्पेंद्र गुर्जर, अतुल कुमार, सुनिल गुर्जर, दीपू कसाना, नरेंद्र झाझड़िया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीबीएसई बोर्ड में टैगोरियंस द्वारा उत्कृष्ट परिणाम देने पर स्कूल में मनाया जश्न

निसं



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में टैगोरियंस ने परचम फहराते हुए स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्राचार्य रणधीर सिंह ने बताया कि विद्यालय की होनहार छात्रा अविका ने 95.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, गाँव तथा परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय के छात्र आयुष ने 94.8 प्रतिशत, अनिशा कुमारी ने 92.8 प्रतिशत, दक्ष गुप्ता ने 92.6 प्रतिशत, अक्षिता ने 90.4 प्रतिशत, अंकुर बुडानिया ने 90.4 प्रतिशत, सक्षम अग्रवाल ने 90 प्रतिशत, श्रद्धा वर्मा ने 90 प्रतिशत, हार्दिक डीडवानिया ने 89.4 प्रतिशत, हर्ष सिंघल ने 89.4 प्रियंका, दिव्यांशी शर्मा ने 88.4 प्रतिशत, प्रांशु कानोडीया ने 87.4 प्रतिशत, कंचन कंवर ने 87 प्रतिशत, कल्पना कुमारी ने 86.2 प्रतिशत, रितिका बाकोलिया ने 86 प्रतिशत, नीतिका ने 85.8 प्रतिशत, धैर्य बडगूजर ने 85.6 प्रतिशत तथा निकिता चेतीवाल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ ही विद्यालय के 39 होनहार प्रतिभाओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान विद्यालय चेयरमैन सुरेंद्र अहलावत एवं एकेडमिक डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत ने बच्चों को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व शुभ आशीर्वाद दिया । इस मौके पर विद्यालय चेयरमैन रणधीर सिंह ने सुरेंद्र जांगिड़, अमिता शर्मा, रमा जांगिड़, महेंद्र शर्मा, देवेन्द्र का उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चे हर परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। मंच संचालन टीसीए प्रधानाचार्य आनंद कुमार शर्मा ने किया। विद्यालय स्टाफ सहित छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों ने डीजे की धुन पर नाचते हुए कस्बे के मुख्य मार्गों से विजय जुलूस निकाला। इस मौके पर उपप्राचार्य बलवान भास्कर, राधेश्याम स्वामी, विजेंद्र झाझड़िया, अजय लुणायच, बलबीर सिंह, राजीव कुमार, पवन कुमार सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना रिश्वत मामला : एवीवीएनएल के जेई के खिलाफएसीबी ने पेश किया चालान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर मीटर जारी करने के बदले रिश्वत मांगने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एवीवीएनएल के कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी के खिलाफ सीकर न्यायालय में चालान पेश किया है। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार आरोपी संदीप द्विवेदी, जो उस समय अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवीवीएनएल के बस्सी तहसील श्रीमाधोपुर, जिला सीकर कार्यालय में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत था, ने परिवादी से सोलर मीटर जारी करने के एवज में 2500 रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने पर एसीबी चौकी सीकर ने 11 नवंबर 2025 को सत्यापन किया, जिसमें आरोपी द्वारा रिश्वत मांगना सही पाया गया। इसके बाद 12 नवंबर 2025 को ट्रैप कार्रवाई करते हुए एसीबी टीम ने आरोपी को परिवादी से 2500 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रकरण संख्या 300/2025 दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच एसीबी चौकी झुंझुनू द्वारा की गई। अनुसंधान के दौरान आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 की धारा 7 के तहत अपराध प्रमाणित पाया गया।

## सम्पादकीय

# विरोध के खोखले तर्क



लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के लोकसभा में पेश होते ही विपक्षी दलों की ओर से असहमति के स्वर उभर आए, लेकिन ये स्वर विरोध के लिए विरोध वाली राजनीति को ही अधिक रेखांकित कर रहे हैं। 2023 में जब यह विधेयक पारित हुआ था, तब विपक्षी दलों की मांग थी कि आखिर महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से क्यों नहीं लागू किया जाता, लेकिन अब जब मोदी सरकार इस अगले आम चुनाव में लागू करने की पहल कर रही है तो भी उन्हें आपत्ति है। अब वे यह कह रहे हैं कि महिला आरक्षण से संबंधित परिसीमन को 2011 के बजाय नई जनगणना के आधार पर किया जाए। इसका मतलब है कि वे 2029 के बजाय 2034 में महिला आरक्षण लागू करने के पक्ष में हैं, क्योंकि जो जनगणना शुरू हुई है, उसके नतीजे आते-आते तो अगले आम चुनाव करीब आ जाएंगे। कुछ विपक्षी दल इस आधार पर महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं कि इसमें आरक्षण के अंदर आरक्षण होना चाहिए। आखिर ऐसी किसी मांग पर 2023 में क्यों नहीं जोर दिया गया था? ध्यान रहे तब महिला आरक्षण विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ था। विपक्षी दल यह प्रचारित करने की भी कोशिश में हैं कि महिला आरक्षण के तहत सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के फार्मूले से कुछ राज्यों और विशेष रूप से दक्षिण के राज्यों को राजनीतिक रूप से नुकसान होगा, लेकिन आखिर कैसे? यदि इस फार्मूले से बिहार में 20 सीटें बढ़ेंगी तो इतनी ही सीटें तमिलनाडु में भी बढ़ेंगी। इसी तरह गुजरात, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में 13-13 सीटें बढ़ेंगी। तथ्य यह भी है कि कम जनसंख्या वाले दक्षिण के राज्यों में एक सांसद कहीं कम आबादी का प्रतिनिधित्व करेगा और इस तरह वह अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेगा। आखिर ऐसे में यह कहने का क्या मतलब महिला आरक्षण से दक्षिण घाटे में और उत्तर भारत लाभ में रहेगा? विपक्ष का एक खोखला तर्क यह भी है कि महिला आरक्षण के मौजूदा स्वरूप से भाजपा फायदे में रहेगी, पर इसका भी कोई ठोस आधार नहीं दिखता। आखिर ऐसा तो है नहीं कि सभी बढ़ी हुई सीटों पर भाजपा की जीत आसान हो जाएगी या फिर उसे बहुमत के लिए अभी की तरह 272 सीटें ही चाहिए होंगी। यदि विपक्षी दल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने को लेकर वास्तव में प्रतिबद्ध हैं और वे उन्हें नीतियों के निर्माण में हिस्सेदार बनाकर राजनीतिक और साथ ही सामाजिक परिदृश्य बदलना चाहते हैं तो वे महिला आरक्षण के पक्ष में उसी तरह खड़े हों, जैसे 2023 में खड़े हुए थे या फिर यह बताएं कि इस आरक्षण को और बेहतर तरीके से कैसे लागू किया जा सकता है? उनके कमजोर तर्कों से उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होने वाला।

## विशेष आलेख

# परिसीमन संवेदनशील मुद्दा, दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका भी दूर करना जरूरी

इसमें कोई दोराय नहीं कि संसद में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी समय की जरूरत हो सकती है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसमें बदलाव हो सकते हैं। मगर इस वर्ष परिसीमन की कवायद को लेकर कई सवाल उभरते दिख रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि परिसीमन के ताजा प्रस्ताव के तहत जो प्रारूप सामने आया है, अगर वह अमल में आया तो यह व्यापक स्तर पर भेदभाव का कारण बनेगा।

हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन की कवायद के खिलाफ विरोध को तेज करते हुए इससे संबंधित विधेयक की प्रति जला कर और काला झंडा दिखा कर पूरे राज्य में आंदोलन की शुरुआत कर दी। इससे पहले स्टालिन ने यहां तक कहा था कि तमिलनाडु की चिंता को दूर किए बिना अगर परिसीमन को आगे बढ़ाया गया, तो राज्य में एक समय चले हिंदी विरोधी आंदोलनों जैसी स्थिति बन सकती है।




निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। मगर हैरानी की बात यह है कि क्या केंद्र सरकार को इसका आभास नहीं था कि लोकसभा में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के क्रम में उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के बीच जिस तरह का असंतुलन पैदा होने वाला है, उससे कई स्तर पर असंतोष उभर सकता है! दरअसल, सरकार परिसीमन को महिला आरक्षण के साथ जोड़ कर पेश करने का प्रयास कर रही है, ताकि इसे लेकर उठने वाली आपत्तियों को कमजोर किया जा सके। मगर विपक्षी दलों की ओर से ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग राज्यों में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी संसद के समीकरण में वैसे राज्यों को मजबूत स्थिति में खड़ा करेगा, जहां भारतीय जनता पार्टी ताकतवर है। इसके अलावा, सीटों के फिर से बंटवारे के क्रम में जो नया समीकरण बनेगा, उसमें दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व और अधिकारों में काफी कमी आने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे कई राज्यों की नुमाइंदगी में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी।

शायद यही वजह है कि तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि स्टालिन ने परिसीमन संशोधन को दक्षिणी राज्यों के खिलाफ और देश की प्रगति में योगदान देने की सजा तक कहा है। सवाल है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार को सभी राज्यों को विश्वास में लेने की जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई। एक पक्ष यह है कि परिसीमन का मुख्य आधार चूंकि जनगणना होता है, तो नई स्थितियों में इससे संबंधित किसी कवायद पर उठने वाले सवालों का हल क्यों नहीं निकाला गया? कोशिश इस बात की होनी चाहिए कि अगर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो इस मसले पर उभरने वाली आपत्तियों पर गौर किया जाए और सभी राज्यों के बीच सहमति कायम की जाए।

# पश्चिम एशिया तनाव का असर : भारत पर मंडराया महंगाई और गरीबी बढ़ने का बड़ा खतरा

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा। इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है। इस आकलन का आधार यह है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है, वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा। भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि भारत के कुल निर्यात का चौदह फीसद और आयात का करीब इक्कीस फीसद व्यापार पश्चिम एशिया से जुड़ा है। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है। अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है। जबकि वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं, जिनमें भारत समेत दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे।

## आज का राशिफल

### मेष

बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। समय सुखमय व्यतीत होगा।

### वृष

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

### मिथुन

दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कर्क

वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा।

### सिंह

चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा।

### कन्या

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें। विवाद में न पड़ें।

### तुला

थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

### वृश्चिक

विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें।

### धनु

उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

### मकर

वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्?थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

### कुंभ

लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

### मीन

बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# काले तिल के तेल से मालिश करने से जोड़ों का दर्द ही नहीं तनाव भी होता है दूर



ज्यादातर लोग शरीर की मालिश करवाना शुरू कर देते हैं। रोजाना शरीर की मालिश करवाने से सेहत को कई तरह के लाभ मिलते हैं। यही वजह है कि अपनी समस्याओं को देखते हुए लोग अलग-अलग तरह के तेल से अपनी मालिश करवाना पसंद करते हैं। आपने आजतक सरसों, बादाम, जैतून के तेल से तो कई बार मालिश करवाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी काले तिल के तेल से मालिश करवाई है? पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाले काले तिल से निकला हुआ तेल न सिर्फ आपने धार्मिक कारणों से बल्कि अपने गुणों की वजह से भी काफी पसंद किया जाता है। काले तिल का तेल फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो आपकी त्वचा, बालों और नाखूनों के लिए काफी हेल्दी माना जाता है। इसके अलावा यह तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करने का काम भी करता है। इसमें मौजूद विटामिन ई एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम कर सकते हैं।

**मांसपेशियों को मिलता है आराम :** काले तिल के तेल से मालिश करने से मांसपेशियों को आराम मिलता है। यह आपकी मांसपेशियों को स्ट्रेस फ्री रखने के साथ दर्द और ऐंठन कोदूर करके आराम दिला सकता है।

**वेट लॉस :** तिल के तेल से मालिश करने से आपके शरीर को गर्माहट मिलती है, जो आपके शरीर की चर्बी को कम करने में असरदार साबित हो सकता है। तिल के तेल में मौजूद पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, तेजी से वजन घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**जोड़ों के दर्द में आराम :** काले तिल का तेल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है, जो हड्डियों और जोड़ों की सूजन और दर्द को कम कर सकता है। काले तिल के तेल में मौजूद फैटी एसिड हड्डियों के लचीलेपन को बढ़ावा देता है।

**शरीर की सूजन करे कम :** काले तिल के तेल में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सूजन को कम करने में बेहद असरदार हैं। यह तेल नसों को स्ट्रेस फ्री करके बॉडी को रिलैक्स फील करवाने में मदद करता है, जिससे दर्द और सूजन में राहत मिलती है।

**ब्लड सर्कुलेशन करता है बेहतर :** काले तिल के तेल से बॉडी मसाज करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। यह नसों में गर्मी उत्पन्न करके ब्लड फ्लो बेहतर करने का काम करता है। अगर आपकी बॉडी में कहीं नील के निशान पड़े हैं तो काले तिल के तेल से शरीर की मसाज करें। इससे काफी लाभ मिलेगा।

# फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए रोज पिएं यह जूस, दूर रहेंगी सांस संबंधी समस्याएं

संपूर्ण स्वास्थ्य की भलाई के लिए संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने की सलाह दी जाती है। क्योंकि इससे आपके शरीर के सभी अंगों को पर्याप्त पोषण मिलता है और वे स्वस्थ रहते हैं। जब फेफड़ों को स्वस्थ रखने की बात आती है, तो इसमें भी स्वस्थ आहार की एक अहम भूमिका होती है। मौसमी, रंग-बिरंगे फल और सब्जियों का सेवन फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोगों के लिए सभी का सेवन कर पाना संभव नहीं हो पाता है। इसलिए हम में से ज्यादातर लोग फल और सब्जियों का जूस पीना काफी पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें काफी उनका लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलता है।



**सेब का जूस :** सेब के जूस में फेफड़ों के लिए जरूर कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह विटामिन ए, एंटीऑक्सीडेंट्स क्वेरसेटिन का अच्छा स्रोत है। अध्ययन में पाया गया है कि सेब फेफड़ों के कार्य को बेहतर बनाते हैं, साथ ही यह धूम्रपान से फेफड़ों को होने वाले नुकसान को भी कम करते हैं। यह फेफड़ों को डिटॉक्स करते हैं।

**कद्दू का जूस :** कद्दू एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। इनमें कैरोटेनॉयड्स, के साथ ही एंटीइन्फ्लेमेटरी गुण भी प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं, जिससे फेफड़ों को फ्री-रेडिकल्स से बचाने, इन्फेक्शन से लड़ने और उन्हें मजबूत बनाने में लाभकारी है। यह आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है।

**चुकंदर और गाजर का जूस :** चुकंदर और गाजर का जूस सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, यह कई विटामिन और मिनरल्स के साथ ही आयरन से भी भरपूर होते हैं, जिससे यह रक्त में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने में लाभकारी हैं। यह फेफड़ों को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं, साथ ही मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण यह लंग्स फंक्शन को भी बेहतर बनाते हैं।

### हरी-पत्तेदार सब्जियों का जूस

इसके लिए आप केल, पालक और मेथी जैसी सब्जियों का प्रयोग कर सकते हैं। यह एक बेहतरीन और बहुत ही हेल्दी ड्रिंक है। क्योंकि इनमें आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, कैरोटीनॉइड के साथ ही एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो सूजन कम करने और फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक हैं।

### टमाटर का जूस

टमाटर कैरोटीनॉयड, लाइकोपीन जैसी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह वायु मार्ग की सूजन दूर करने और सांस लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। साथ ही यह फेफड़ों के नुकसान को कम करते हैं और उनके कार्य में सुधार करते हैं।

# नाभि पर रोज इस तरह लगाएं हींग, मिलेंगे यह फायदे

हींग खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ पाचन तंत्र को भी स्वस्थ रखने में मदद करती है। हींग का तड़का खाने को स्वादिष्ट बना देता है। अधिकतर लोग हींग को खाने में डालकर खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हींग को खाने में डालने के साथ नाभि पर भी लगाया जा सकता है। हींग को नाभि पर लगाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होने में मदद मिलती हैं।

**गैस की परेशानी से राहत :** नाभि पर हींग लगाने से गैस की परेशानी दूर होती है। अगर आप लंबे समय से एसिडिटी और गैस से परेशान हैं, तो हींग को गर्म पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को नाभि पर लगाएं। ऐसा करने से गैस खत्म हो जाएगी और अपच की समस्या भी दूर होती है।

**पेट को रखें ठंडा :** नाभि पर नियमित हींग लगाने से पेट ठंडा रहता है। हींग को पेट पर लगाने के लिए इसमें थोड़ा सा ऑलिव ऑयल को मिक्स करें। अब इस मिश्रण को नाभि पर लगाएं और कुछ समय तक लेटे रहें। ऐसा नियमित करने से पेट ठंडा रहता है।

**पेट दर्द से मिलेगा आराम :** नाभि पर हींग लगाने से पेट दर्द की समस्या से निजात मिलती है। हींग का इस्तेमाल करने के लिए इसे देसी घी में मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से पेट दर्द से आरम मिलने के साथ पेट की ऐंठन से भी आराम मिलेगा।

**डाइजेशन में फायदेमंद :** नाभि पर हींग लगाने से डाइजेशन की समस्या दूर होती है। अगर आपका भी खाना ठीक से नहीं पचता है, तो नाभि पर हींग लगाने से फायदा मिलेगा। नाभि पर हींग लगाने से खाना ठीक से पचता है और पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

**पेट की सूजन को करें कम :** नाभि पर हींग लगाने से पेट में आ रही सूजन कम होगी। कई बार लगातार पेट दर्द रहने की वजह से पेट में सूजन हो जाती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए नाभि पर हींग लगाएं।

# रोजाना एलोवेरा जूस पीने से मिलते हैं यह फायदे

एलोवेरा जेल और इसका जूस दोनों ही काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। हेल्थ से लेकर ब्यूटी प्रॉब्लम को सुलझाने में ये काफी फायदेमंद हैं। खाली पेट एलोवेरा जूस पीना वजन कम करने, आपके शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार और मल त्याग को आसान बनाने का अच्छा तरीका है।

**पोषक तत्व का भंडार है एलोवेरा :** एलोवेरा विटामिन, मिनरल्स, एंजाइम, सैपोनिन और अमीनो एसिड से भरपूर होता है। यह विटामिन ए, सी, ई, फोलिक एसिड, कोलीन का भंडार है। ये पाचन, त्वचा, दांत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है। इसमें कैल्शियम, क्रोमियम, सेलेनियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, पोटेशियम, सोडियम और जस्ता भी है।



**विटामिन और मिनरल्स से भरपूर :** एलोवेरा जूस विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। शुरुआत में सिर्फ एलोवेरा जूस पीने से स्टार्ट करें और फिर बाद में इसे दूसरी चीजें जैसे गिलोए, आंवला या करेला के साथ मिक्स करें।

**पाचन में मिलेगी मदद :** एलोवेरा जूस रोजाना पीने से खराब पाचन, कब्ज, एसिडिटी और गैस जैसी कई पाचन से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। यह भूख बढ़ाने और वजन बढ़ने पर नियंत्रण रखने में भी फायदेमंद है।

**टॉक्सिन होते हैं बाहर :** एलोवेरा जूस पीने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन से छुटकारा मिलता है। इसे सुबह-सुबह पीने से आपको पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने से लेकर सिस्टम की सफाई तक कई तरह से मदद मिलेगी। एलोवेरा जूस का इस्तेमाल लंबे समय से आयुर्वेदिक दवाई बनाने के लिए किया जाता रहा है। पाचन और लिवर संबंधी परेशानी, एनीमिया, पीलिया और पित्त नली, पित्ताशय से संबंधित बीमारियों को ठीक करने में इस्तेमाल किया जाता है। इस जूस का इस्तेमाल अक्सर कई दूसरे हर्बल टॉनिक में किया जाता है जो हार्मोनल मुद्दों के साथ-साथ पैंक्रियाज और प्लीहा संबंधी परेशानियों को ठीक करने में जरूरी हैं।

**इम्यूनिटी होगी बूस्ट :** एलोवेरा जूस के हेल्थ बेनिफिट्स शरीर की इम्यूनिटी को भी बूस्ट करते हैं। खासकर जब आंवला, तुलसी और गिलोय जूस के साथ मिलाकर इसे पीया जाए।

## क्रिकेट अंडर-17 चयन ट्रायल व प्रशिक्षण शिविर शुरू



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाछड़सर में 69वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट अंडर-17 बालक वर्ग के लिए पूर्व चयन परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद रामूराम बुन्देला ने की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षकों से बेहतरीन टीम चयन की अपेक्षा जताई। प्रधानाचार्य राजेन्द्र शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। वहीं कोच राम प्रताप जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के लिए चयनित सभी 25 खिलाड़ी उपस्थित रहे और सभी ने ट्रायल में भाग लेते हुए अपना दमखम दिखाया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सहू ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के साथ ग्राम के पन्नालाल जांगू, उप प्राचार्य पवन सारण, जालूराम शीला सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## एसडीआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को आपातकालीन बचाव की दी जानकारी

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस थाने में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई एवं डीएसपी कुलदीप वालिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में शहर के कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया और पुलिस थाने का भ्रमण किया। इस दौरान थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने विद्यार्थियों को कानून संबंधी आवश्यक जानकारियां देते हुए बताया कि पुलिस अपराधों में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में बीकानेर से आई एसडीआरएफ टीम ने आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव और सहायता के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। टीम ने बताया कि गहरे पानी में जाने से पहले किन सावधानियों का पालन करना चाहिए तथा डूबते हुए व्यक्ति को सुरक्षित कैसे बचाया जा सकता है। साथ ही चोट लगने की स्थिति में प्राथमिक उपचार के उपाय भी समझाए गए। एसडीआरएफ टीम ने बढ़ती हार्ट अटैक की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को सीपीआर देने की विधि का डमी के माध्यम से प्रदर्शन कर समझाया। इसके अलावा गैस सिलेंडर से होने वाली आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के तरीकों का भी प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी कुलदीप वालिया ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना चाहिए ताकि समय रहते लोगों की जान-माल की सुरक्षा की जा सके। वहीं साइबर सेल अधिकारी रामचंद्र सिहाग ने बढ़ते साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने एवं दूसरों की सहायता करने के महत्वपूर्ण तरीके सीखने को मिले, जो उनके भविष्य में अत्यंत उपयोगी साबित होंगे।

## ट्यूबवैल शुरू करने की मांग



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की गोरिसरीया ढाणी तिलक नगर वार्ड नं. 23 व 24 के दो माह पूर्व खुदाई किये ट्यूबवैल को विभाग द्वारा चालू नहीं करने से वार्ड वासियों को पेयजल की काफी किल्लत हो रही है। इस संबंध में वार्ड वासियों ने बताया कि विभाग को इस संबंध में काफी दफा शिकायत करने के बाद भी भी चालू नहीं किया गया। विभाग के अधिकारियों द्वारा कभी केबल व कभी मोटर नहीं का बहाना बनाकर टाल रहे हैं। अतः समय रहते उक्त ट्युबवैल को शुरू करवाया जावें ताकि इस गर्मी में पेयजल की किल्लत से मौहल्ले वासी परेशान न हों।

## गौशाला का तहसीलदारों ने किया औचक निरीक्षण



निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** कस्बे स्थित सत्यम शिवम् सुंदरम गौशाला टमकोर का तहसीलदार रामनिवास मीणा, तहसीलदार छगन लाल मीणा एवं सज्जन सिंह राठौड़ द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गौशाला की उत्कृष्ट व्यवस्था, स्वच्छता एवं संचालित कार्यों को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने गौशाला में मौजूद गौमाताओं को गुड़ खिलाकर सेवा की तथा इस पुण्य कार्य में सहभागी बने। अधिकारियों ने कहा कि गौशाला का संचालन अनुकरणीय है और यहां की व्यवस्थाएं अन्य स्थानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से प्रवासी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया, जो अपने पैतृक गांव टमकोर से दूर रहकर भी निरंतर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उनके सहयोग से अल्प समय में गौशाला ने उल्लेखनीय प्रगति की है और यह निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है। निरीक्षण के दौरान गौसेवा समिति के सदस्य रघुवीर सिंह, रतनलाल मीणा, सम्पत जांगिड़, विकास स्वामी एवं सुभाष शर्मा ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

## आरएलपी कार्यकर्ताओं ने किया थानाधिकारी का अभिनंदन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल के खिलाफसोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने की शिकायत पर प्रसंज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी को राउंडअप किया है। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए आज शुक्रवार को थाना प्रभारी गौरव खिड़िया का अभिनंदन किया। मामले के अनुसार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गत दिवस शिकायत दर्ज करवाते हुए सीआई खिड़िया को ज्ञापन सौंपा कि गांव दीपसर निवासी संदीप द्वारा सोशल मीडिया पर लाइव आकर आरएलपी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया है, जिससे कार्यकर्ताओं की भावना आहत हुई है। थानाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में आरोपी को राउंडअप कर थाना लाया गया। जिसके बाद शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जताते हुए पुलिस प्रशासन के पक्ष में नारे लगाए तथा पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गजानन सिहाग के नेतृत्व में सीआई खिड़िया का सम्मान किया। इस अवसर पर जाकिर हुसैन, जाबिर खान, मुकेश सहारण, रामचंद्र बांगड़वा, किशन सोनी, मनोज जाट, रणजीत, नेमीचंद जाट, संतोष कुमारए कैलाश पड़गड़ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केसीसी प्रोजेक्ट में टीनशैड बदलते समय हादसा, ठेकाकर्मी की मौत

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रोजेक्ट के कंसट्रेटर प्लांट में शुक्रवार को टीनशैड बदलते समय एक बड़ा हादसा हो गया, टीनशैड बदलने वाला ठेका कर्मी नीचे गिर जाने से घायल हो गया, घायल अवस्था में ठेकाकर्मी को केसीसी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर केसीसी प्रशासन, पुलिस एवं परिजन अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार केसीसी प्रोजेक्ट के अधीन कार्य करने वाली रिलेक्स मैकेनिकल एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में भंवरलाल ठेकेदार के पास बनवास निवासी सुभाष चन्द्र पुत्र हरिराम मेघवाल करीब तीन-चार महीने से टीनशैड लगाने का कार्य कर रहा था।

शुक्रवार को भी प्रतिदिन की तरह कंसनट्रेटर प्लांट के ऊपर की टीनशैड बदलने का कार्य कर रहा था। करीब बारह बजे सुभाष चंद्र कंसनट्रेटर प्लांट के ऊपर की टीनशैड बदल रहा था इसी दौरान कार्य करते समय वह नीचे गिर गया। नीचे गिरने से सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया, घटना की सूचना पर केसीसी असपताल की एंबुलेंस से केसीसी अस्पताल में लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर केसीसी प्रोजेक्ट के अधिकारी, पुलिस एवं परिजन अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। मृतक के दो बेटे हैं बड़ा बेटा मंदीप व छोटा प्रीतम है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का है। बड़ा भाई ताराचंद भी केसीसी प्रोजेक्ट के अधीन कार्य कर रही एसएमएस कंपनी में कार्यरत है वही छोटा भाई अमर सिंह भी मृतक के साथ ही काम करता है। घटना की सूचना पर सिंघाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। गौरतलब है कि करीब एक साल पूर्व इसी ठेका कंपनी का एक कर्मचारी एक बैडिंग बिल्डिंग में टीनशैड का कार्य करते समय नीचे गिर जाने से घायल हो गया था। इस संबंध में ठेका मजदूर अध्यक्ष रविंद्र फौजी ने बताया कि प्रोजेक्ट में टीनशैड के कार्य के दौरान एक कर्मचारी पहले भी हादसे का शिकार हो चुका है। करीब एक साल पहले बैंडिंग बिल्डिंग में टीनशैड लगाते समय ऊपर से गिरने से एक कर्मचारी घायल हो गया था। एएसआई राजवीर सिंह ने बताया कि केसीसी प्रोजेक्ट के कंसनट्रेटर प्लांट में टीनशैड पर कार्य के दौरान बनवास निवासी सुभाष चंद्र पुत्र हरीराम मेघवाल की नीचे गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच कर मामले की जानकरी जुटाई। इस संबंध में मृतक के पुत्र मंदीप कुमार जिलोवा ने रिपोर्ट दी की उसके पिता सुभाष चंद्र केसीसी प्रोजक्ट के कंसनट्रेटर प्लांट में रिलेक्स मैकेनिकल एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराईटर भंवरलाल सैनी के अधीन काम कर रहे थे। शुक्रवार को प्रथम पारी के समय कार्य के दौरान दुर्घटना घटित हुई जिससे वह घायल हो गए। घायल अवस्था में केसीसी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर पोसटमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## बच्चों को बताया स्वच्छता का महत्व



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में आरयूआइडीपी के तहत चल रही परियोजना ड्रनेज एवं सीवरेज के लिए जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्ड संख्या 42 के मदरसा अशरफिया गरीब नवाज उच्च प्राथमिक विद्यालय में पूर्व पार्षद पुरुषोत्त इन्दोरिया की अध्यक्षता में स्कूल जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने सीवरेज व ड्रनेज परियोजना का प्रकाश डालते हुए बताया की इस परियोजना के पुर्ण होने के बाद स्वच्छता में बहेतर बदलाव आयेगा स आज बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए हाथ धोने के तरिके व स्नान करनाए नाखून काटने के बारे में बताया गया साथ में घरेलू स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए बताया की किसी प्रकार का कचरा सड़क पर न फैलाएं रसोई में दो प्रकार के कचरे पात्र होने चाहिए जिसमें एक में गिला कचरा डाले ओर दुसरे में सुखा कचरा डाले ओर कचरा पात्र को ढक्कन लगाकर रखना चाहिए व कचरा कचरे वाली गाड़ी में डाले व प्रयोग की हुइ प्लास्टिक की थैली नालियों में न डाले। विधालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इश्पाक ने बताया की पहला सुख निरोगी काया हैस स्वच्छ व साफशरीर में स्वस्थ दिमाग् निवास करता है। पुर्व पार्षद पुरूषोत्तम इन्दोरिया ने बच्चों को बताया की आज जो भी बातें बताई गई इन बातों को जीवन मे उतारे व रसोई व स्नानघर में जाली लगाकर रखे।

## अपना घर आश्रम में 13 प्रभुजन चूरू से आए

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में मानवता सेवा का एक अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। जब राजगढ़ चूरू से 13 प्रभुजनों को विमला देवी सेवा समिति, राजगढ़ चूरू के सहयोग से सम्मानपूर्वक आश्रम में लाया गया। इन सभी प्रभुजनों का आश्रम परिसर में भव्य स्वागत एवं प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो सेवाए संवेदना और अपनत्व का अद्भुत उदाहरण बना। इस अवसर पर नोखा गांव के पूर्व सरपंच मेघ सिंह राठौड़, करणी सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह सांखला एवं माहावीर सिंह भाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपना घर आश्रम का विस्तृत अवलोकन किया तथा यहां चल रही व्यवस्थाओं और सेवाओं की सराहना करते हुए इसे मानवता की सच्ची मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि श्नर सेवा ही नारायण सेवा है। और यदि किसी को इस भावना का प्रत्यक्ष अनुभव करना हो तो उसे एक बार अवश्य अपना घर आश्रम नोखा आना चाहिए। कार्यक्रम में अपना घर आश्रम नोखा के सचिव सतीश झंवर भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सत्कार करते हुए आश्रम की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। झंवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपना घर आश्रम केवल आश्रय स्थल नहीं, बल्कि उन असहाय, निराश्रित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजनों के लिए एक नया जीवन प्रदान करने का केंद्र है। यहां उन्हें भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, सुरक्षा और सबसे महत्वपूर्ण सम्मान एवं अपनापन प्रदान किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य केवल सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभुजनों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान देना भी है, ताकि वे पुनः समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी कोई असहाय, बेसहारा या जरूरतमंद व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना संस्था तक अवश्य पहुंचाएं जिससे उसे समय रहते सहायता प्रदान की जा सके। इस दौरान आश्रम के सदस्य-विकास तावणियां, उमेश सिंह राठौड़, नितेश सिंह सांखला एवं अशोक ग्वाला भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल एवं यादगार बनाया।

यह पूरा कार्यक्रम सेवा, समर्पण और मानवता की भावना से ओतप्रोत रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों के हृदय को स्पर्श किया और समाज के प्रति सेवा भाव को और अधिक मजबूत करने का संदेश दिया।

## अवैध खनन ने काट ली जीवन रेखा

### अब जल स्रोतों की रक्षा व सीमांकन की मांग



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा 7 अप्रैल को पारित आदेश की पालना एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को मांगपत्र सौंपा गया। सरस्वती रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा संचालित काटली नदी बचाओ जन अभियान के तहत प्रस्तुत ज्ञापन में काटली नदी, इसकी सहायक नदियों, नालों एवं अन्य जल स्रोतों की सुरक्षा एवं सीमांकन की माँग की गई। अभियान के उदयपुरवाटी संयोजक दीपक मीणा बाघोली के अनुसार काटली नदी के सहायक जल स्रोतों, नदी एवं नालों का सीमांकन कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा जल निकासी मार्गों को सुचारू किया जाए। इस संबंध में अभियान संयोजक सुभाष कश्यप के नेतृत्व में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में उदयपुरवाटी खंड के सुकली नदी जहाज मावता, मोजिडा नाला, सांका वाला नाला, जोधपुरा नाला, सोकली नदी सराय, सटिण्डा नाला सहित सभी जल स्रोतों की सुरक्षा की माँग करते हुए एनजीटी के आदेशों की प्रभावी पालना का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सतीश मिश्रा छापोली, धर्मवीर यादव मंडावरा, दीपक मीणा बाघोली, करण तेतरवाल पापड़ा, धन सिंह कश्यप कीरपुरा, मोहर सिंह ककराना, हरलाल सैनी, रविन्द्र सिंह, आनंद सिंह, मेघराज सैनी, प्रवीण सैनी, श्रवण कुमार, रणवीर सिंह, विकास भाकर, रामनिवास, रामजीवन गुप्ता, बनवारी कुमावत धोलाखेड़ा, श्रवण सैनी, मदन खैरवा धोलाखेड़ा, प्रभुदयाल, बृज मोहन सैनी सहित बड़ी संख्या में समर्थकों एवं बुद्धिजीवियों ने हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि क्षेत्र के सभी पटवारियों को निर्देशित कर काटली नदी के सभी सहायक जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति एवं अतिक्रमण की रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त सिंधु जल को काटली नदी में लाने, नदी के समग्र विकास, पुनर्जीवन, संरक्षण एवं प्रभावित लोगों के पुनर्वास की भी मांग की गई। अभियान संयोजक सुभाष कश्यप ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही प्रधानमंत्री से भेंट कर काटली नदी के पुनर्जीवन की मांग उठाई जाएगी।

## अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों का फुटा गुस्सा

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर के राजकीय अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। अखिल भारतीय किसान सभा और भीम आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में सैकड़ों लोगों ने अस्पताल परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। स्थिति इतनी खराब है कि मरीजों को सामान्य बीपी की दवाइयां तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।


दवाइयों की कमी के चलते मरीजों को मजबूरन बाहर से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भामू ने कहा कि अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम चरम पर है। उन्होंने कांग्रेस के विधायक, सांसद और भाजपा के पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को आमजन की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि चिकित्सा प्रभारी डॉ कपिल धाबाई समय पर अस्पताल नहीं आते, घर पर मरीज देखते हैं और बाहर की दवाइयां लिखते हैं। साथ ही विशेष कंपनियों की दवाइयां लिखने के भी आरोप लगाए गए। भामू ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 5 दिनों के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

वहीं मेघवाल महासभा के तहसील अध्यक्ष कालूराम तंवर ने भी अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि अस्पताल में तीन दवा वितरण केंद्र होने के बावजूद केवल एक ही केंद्र चालू रहता है। इसी तरह पर्ची काउंटर भी दो होने के बावजूद एक ही काउंटर पर काम किया जा रहा है, जिससे मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं और उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान मरीजों और उनके परिजनों में भारी नाराजगी और निराशा देखने को मिली। कई मरीजों ने बताया कि समय पर इलाज नहीं मिलने और दवाइयों की अनुपलब्धता के कारण उनकी हालत खराब हो जाती है। प्रदर्शन के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा से भी वार्ता कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्होंने जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार का आश्वासन दिया।

प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी दवा काउंटर चालू करने, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी। इस मौके पर भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष श्रवण बारुपाल, विजयलपाल कड़वासरा, जगदीश कूड़िया, लालचंद बिजारणीयां, सोहन कड़वासरा, तिलोक मेघवाल, अल्ताफ बिसायती, संतलाल, पूनमचंद, सुखाराम, खेमाराम, कानाराम, पंकज, अजु बेहलीम, राजकुमार सहित अनेक संख्या में किसान सभा के सदस्य व भीम आर्मी के सदस्य मौजूद रहे।

## नानी बाई रो मायरो पोस्टर का विमोचन



**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे में आगामी 3 मई से 7 मई तक होने वाले नानी बाई रो मायरो का पोस्टर का विमोचन सीकर के पूर्व सांसद महाराज सुमेधानंद सरस्वती के द्वारा श्री गोविंद बंसी पैराडाइज में किया गया। उन्होंने कहा कि कलयुग में ऐसे आयोजनों का होना अति आवश्यक है, जिससे आज की युवा पीढ़ी देश की संस्कृति को देवी देवताओं के महत्व को समझ सके। इस मौके पर कथावाचक चंद्र प्रकाश शास्त्री, ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल कीकरतला, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश लालू कौरखन्या, निवर्तमान पार्षद अखिलेश भातरा, समाजसेवी सतीश जांगिड़, रामावतार कीकरतला, युवा नेता योगेश शर्मा, राजेश किकरताल, ठेकेदार हंसराज कुमावत, कमल साबू, ओमप्रकाश बावलिया, राकेश वैध, पवन कीकरतला सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

## चतुर्थ पाटोत्सव एवं 116वीं युगल जयंती के उपलक्ष में होगा ध्वज यात्रा का आयोजन

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा मन्दिर श्री प्रेमभाया सरकार के चतुर्थ पाटोत्सव एवं 116वीं युगल जयंती के पावन उपलक्ष में भव्य ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह ध्वज यात्रा 19 अप्रैल, रविवार को सायं 6 बजे युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल बाजार से रवाना होगी। जिसमें सैकड़ों भक्त ध्वज यात्रा में शामिल होगें। समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ध्वज यात्रा जयलाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, अजमेरी गेट, रामबाग चौराहा, लक्ष्मी मंदिर चौराहा, गोपालपुर चौराहा, दुर्गापुरा चौराहा, सांगानेर, वाटिका चौराहा एवं बिलवा होते हुए चंदलाई स्थित मन्दिर श्री प्रेमभाया सरकार हरियुगल विहार पहुंचेगी, जहां प्रातः 5 बजे यात्रा का समापन होगा।

# कर्ज के बोझ तले दबा अधेड़ आया ट्रेन के नीचे

## परिजन और ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर बैठे धरने पर

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** इलाके में गुरुवार देर रात एक अधेड़ व्यक्ति ने ट्रेन के आगे आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और चर्चा का माहौल है। जानकारी के अनुसार सूरजगढ़ तहसील के गांव रामरख की ढाणी निवासी विनोद पुत्र श्रीचंद पूनिया ने रात करीब 9 बजे मावंडिया की ढाणी के पास सिरसा-कोटा ट्रेन के आगे आकर यह कदम उठाया। मृतक विनोद पूनिया डेयरी संचालन के साथ-साथ खेती-बाड़ी का कार्य करता था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला, जिसने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया।

### सुसाइड नोट में ये लिखा


सुसाइड नोट में मृतक ने डेयरी व्यवसाय में लगातार घाटा होने और बैंक का कर्ज न चुका पाने की मजबूरी का जिक्र किया है। साथ ही उसने लिखा कि बैंक द्वारा लगातार दबाव बनाए जाने से वह मानसिक रूप से परेशान था। मृतक की जेब से एचडीएफसी बैंक का एक नोटिस भी बरामद हुआ है, जिसमें करीब 31 लाख 11 हजार 383 रुपये के बकाया भुगतान की मांग की गई थी। बताया जा रहा है कि यह लोन उसने अपने उधमपुरा स्थित मकान को गिरवी रखकर लिया था।

### मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की

घटना की सूचना मिलते ही चिड़ावा थाने से एएसआई ओमप्रकाश नरुका व कांस्टेबल अंकित राव मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने सुसाइड नोट व अन्य दस्तावेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव में पसरा मातम

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन चिड़ावा रेलवे स्टेशन पहुंचे। मृतक अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गया है। इस घटना के बाद परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।


विनोद कुमार
मैरे गायो की डैरी है जीसमे
मेरे को लोस हो रहा है और बैको का
लोन नही चुका पारहा हु इसे मेरे उपर
बैको ने परेसर कर रखा है इस लीए
मै आत्महता कर रहा हु
मेरी सुचना

### परिवार कर रहा मुआवजे और कार्रवाई की मांग

मामले में परिजन उप जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। इस दौरान ग्रामीण भी काफी संख्या में एकत्र हुए। जिसके बाद सभी पुलिस थाने पहुंचे और ज्ञापन देकर बैंक कर्मियों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को जीवन यापन के लिए पर्याप्त मुआवजा दिलाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

### मामले ने पकड़ा तूल

मामले में शुक्रवार दोपहर बाद परिजनों और ग्रामीणों ने चिड़ावा स्थित एचडीएफसी बैंक के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने बैंक प्रबंधन पर रिकवरी के नाम पर प्रताड़ित करने और सुसाइड के लिए मजबूर करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



### बैंक प्रबंधन पर गंभीर आरोप

धरना दे रहे अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष बजरंग बराला और अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मृतक विनोद कुमार बैंक ऋण की वसूली को लेकर मानसिक रूप से परेशान थे। उन्होंने बताया कि बैंक कर्मियों द्वारा घर जाकर मकान सीज करने और जमीन कुर्क करने की धमकियां दी जा रही थीं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बैंक अधिकारी पेशेवर तरीके से काम करने के बजाय गुंडागर्दी पर उतर आए, जिससे तंग आकर पीड़ित ने आत्मघाती कदम उठाया।

### मैनेजर की गिरफ्तारी की मांग

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि मृतक ने अपने सुसाइड नोट में बैंक के दबाव का जिक्र किया है। परिजनों की मुख्य मांग है कि बैंक मैनेजर और दोषी कर्मियों के खिलाफतत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलताए तब तक बैंक के सामने धरना अनवरत जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस विरोध प्रदर्शन के चलते बैंक के मुख्य द्वार पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कामकाज भी प्रभावित हुआ है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है। इधर शाम को एसडीएम डॉ नरेश सोनी भी धरना स्थल पहुंचे और परिजनों से बात कर समझाइश करने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण और परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी रहा। मौके पर प्रशिक्षु आरपीएस अंबिका, सुलताना सीआई रविंद्र के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

# सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने निकाली रैली




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा में श्री बेगराज राठी उ मा विद्यालय के नेतृत्व में प्रवेशोत्सव कार्यकम के अंतर्गत प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को साफा एवं माला के साथ सम्मानित किया गया। बेगराज राठी स्कूल के साथ ही महात्मा गांधी रा वि एवं राजकुमार लाहोटी बालिका विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ भव्य रैली निकाली गई। प्रशासक सविता राठी ने कहा कि शिक्षा वो प्रकाश है जिसकी रोशनी में पीढ़ियां अपनी राह चुनती हैं प्रिंसिपल केसरी सिंहए प्रिंसिपल भागीरथ गर्ग, व्याख्याता अजयए सत्यनारायण के सान्निध्य में लगभग 600 बच्चों ने नाचते गाते रैली में भाग लिया। विशाखा भार्गव, नीतू आचार्य, लिछमा, खुशी, रुचिका, रोशनी, कांता, निशा, अनुसुइया, अंकिता, रामचंद्र, मोनिका, आरुषि, भगवती, श्रावणी, दीपिका आदि प्रतिभाशाली बच्चों का ग्रामीणों ने स्वागत किया, जिनको राठी ने सात मोहल्ले की स्वच्छता निरीक्षण हेतु जज बनाया, ताकि रैली में चलते हुए गांव के सात मोहल्लों को रैंकिंग दी जा सके।

# शुकदेव महाराज का जयंती महोत्सव सम्पन्न

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक दरीबा पान स्थित आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज शुक्रवार को शुक संप्रदाय प्रवर्तक आचार्य शुकदेव जी महाराज के जयंती महोत्सव पर पारंपिरक बधाइयों से गुंजायमान रह। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रमों में दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक बधाईगान, नृत्य और उछाल की ऐसी त्रिवेणी प्रवाहित हुई कि श्रद्धालु डुबकी लगाते रहे। इस मौके पर सूरत से कमल और सूरजमुखी के पुष्पों से ठाकुर जी का मनोरम श्रृंगार किया गया। मोगरे के धवल पुष्पों की कलियों से श्री सरस निकुंज ईत्र की मंडी का महक रहा था। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि पुष्प-पल्लव और रंगीन बांदरवाल से सजे श्री सरस निकुंज में गिरधारी, आनंद पुरोहित, रौनक मोदी, विपुल माथुर, हितेश माथुर, श्री वृंदावन के राधा शरण सहित अन्य वैष्णजनों ने बधाइयों की ऐसी तान छेड़ी कि श्रोता भक्ति के सागर में डुबकी लगाते ही रहे। श्री शुक संप्रदाय के आचार्यों द्वारा रचित पदावलियों का जादू सबके सिर चढकर बोला। तबले पर उदयशंकर, नगाड़ा पर गोपाल राव ने भजनों के दौरान संगत की। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने बधाइयों पर फल, खिलौने, कपड़े, चॉकलेट, बिस्किट सहित अन्य सामग्री की जमकर उछाल की। उछाल लूट कर श्रद्धालु धन्य हो गए। इस मौके पर वैष्णव जनों ने सखी री धन्य दिन है आज सुहाई सखी सुंदर आज बधाई बजत बधाइयां हो श्री वेदव्यास के दरबार सलोना शुक वेदव्यास लाला देख सखी शुकदेव महामुनि प्रकट हुआ है परम मनोहर आज भलो दिन धन्य घरी बधाई बाजे रंग भरी आज श्री वेदव्यास दरबार, क्या मनोहर मूरती मुनिराज, थारां श्याम वरन पर वारी जैसी सरस बधाइयां गाईं। बधाइयों से पूर्व गुरुवंदना के पदों का गायन किया गया। 18-19 अप्रेल को शाम सात से रात्रि नौ बजे तक उत्सव समाज बधाई गायन और वाणी पाठ होगा। मंगल महोत्सव की विशेष बात यह रही कि ललाट पर चंदन का तिलकए गले में तुलसी की माला धारण किए बड़ी संख्या में युवा भक्ति भाव से भजन गुनगुनाते नजर आए। कई युवाओं ने भजनों और वाद्य यंत्रों पर भी साथ दिया। रात्रि 8 बजे से अगले दिन प्रातरू 5 बजे तक महोत्सव समाज, वाणी पाठ, बधाईगायन, नृत्य एवं आचार्य विनय के विविध आयोजन संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ भाग लिया।

# सनसनी : जोहड़े में पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

निसं

**गुढ़ागौड़जी ( नवयत्न )।** गुढ़ागौड़जी क्षेत्र के भोड़की गांव में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब जोहड़े में एक प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके हुए मिले। सूचना मिलते ही गुढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी। सुबह करीब 6 बजे गांव के दिनेश कुमावत शौच के लिए जोहड़े में गया तो वह मंजर देखा। उसके बाद उसने ग्रामीणों को फोन कर सूचना दी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों ने कीकर के पेड़ पर दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या की। घटनास्थल के नीचे सल्फास की गोलियां भी पड़ी मिली हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने पहले जहर का सेवन किया और उसके बाद फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस को युवक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान सुनील कुमार पुत्र जयबीर निवासी भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। वहीं युवती की पहचान इंदुबाला निवासी खींवासर गांव के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर गुढ़ागौड़जी सीएचसी में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है तथा मामले की जांच जारी है। घटना की सूचना मिलने पर मृतक सुनील कुमार के



परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि सुनील आर्मी में कार्यरत था और करीब एक सप्ताह पहले ही छुट्टी पर घर आया था। इसी दौरान वह इंदुबाला से वीडियो कॉल पर बात कर रहा था, जिसे उसकी पत्नी ने देख लिया। इसके बाद पारिवारिक विवाद की स्थिति बन गई थी। गुरुवार शाम करीब पांच बजे वह घर से निकल गया, जिसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। परिजन उसे लगातार तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान मोबाइल लोकेशन के आधार परिजन भी घटनास्थल पहुंचे। जोहड़ में ही मृतक की बाइक खड़ी थी। घटनास्थल पर हेलमेट, दो पानी की बोतल, एक सल्फास गोलियों की डब्बी जिसमें कई गोलियां थी।




# सीबीईओ ने दिया संस्था प्रधान को नोटिस

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** हाल ही में 12 अप्रैल को भोजलाई बास स्थित राजकीय नागरिक परिषद उच्च माध्यमिक विद्यालय में नव निर्मित डायमंड ब्लॉक का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें चूरू सांसद राहुल कस्वां, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने शिरकत की और नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के शिलापट्ट में भाजपा की ओर से पूर्व मंत्री, विधानसभा की प्रत्याशी रही भाजपा नेता के नाम अंकित नहीं थे। बल्कि कांग्रेस के सांसद और विधायक के नाम शिलापट्ट पर अंकित थे। जिसके बाद यह शिलापट्ट राजनीतिक गलियारो में मुद्दा बन गया और अब संस्था के प्रधानाचार्य को नोटिस दिया गया है। हालांकि शिलापट्ट को मुद्दा नहीं बनाया गया है और कार्यक्रम की शिक्षा विभाग से परमिशन नहीं होने को बहाना बनाकर नोटिस दिया गया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता पूनिया की ओर से संस्था प्रधान को दिए गए नोटिस में बताया गया है कि डायमंड ब्लॉक के उद्घाटन की परमिशन क्यों नहीं ली गई, इसका कारण स्पष्ट किया जावे। यह बात अलग है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। लेकिन अब संस्था




प्रधान के शिलापट्ट पर अंकित नाम को मुद्दा बनाकर शिलापट्ट को बदलवाने का प्रयास करने की राजनीति शुरू हो गई है। जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। आपको बता दें कि एक दिन पहले ही शिलापट्ट में कांग्रेस विधायक का नाम नहीं होने की बात को लेकर काफी बवाल हो गया था।

# पैरा ओलम्पिक में चयनित होने पर सम्मान




बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर की मुस्लिम समाज की एक विकलांग लड़की रहमत खातून का पेरा ओलम्पिक में झुंझुनू की तरफसे चयन किया गया है जो मलेशिया के कुआलालंपुर शहर में खेल स्पर्धा में भाग लेगी। उसकी इस उपलब्धि पर मेडिकल सर्विस सोसायटी झुंझुनू द्वारा ईदगाह परिसर में सम्मान किया गया तथा डॉ सलाउद्दीन चोपदार एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से इक्कावन हजार की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अल्पसंख्यक अध्यक्ष एमडी चोपदार, विशिष्ट अतिथि शहर काजी सफीउल्लाह सिद्दीकी एवं जमात ए इस्लामी के हाजी जमील, मिल्लत वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मास्टर यूनुस अली भाटी साहब, एक्सईएन इंजीनियर मुमताज अली, कासिम अली भाटी थे। मेडिकल सर्विस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ आरिफ मिर्जा एवं सचिव डॉ इरफान चौहान ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंचस्थ अतिथियों ने रहमत खातून के पदक जीत कर लाने की दुआएं और हौसला अफजाई की। मंच संचालन जाकिर अली सिद्दीकी ने किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर आई ए खान, डॉक्टर फरीद आलम, डॉ उमेश, अबुल इस्लाम खुर्रम, आबिद अली आदि उपस्थित थे।

# होनहारों का बीबीआईएस ने किया सम्मान



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल द्वारा टॉप रैंकर्स को सम्मानित किया गया है। मेगाहाईवे स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में माही अग्रवाल 96.2 प्रतिशत, हिमानी संतोभा 95.2, राहुल डूडी 92.2, प्रत्युषी जैन 89.4, कार्तिक 88.6, दक्षिता राठौर 88.2, यश जैन 87.6, पारिधि सेठी 87, शौर्य प्रताप सिंह 86.8, अर्पिता मारू 84.4, योगिता शर्मा 84.2, तेजस्वी सोनी 84, निरल गोदारा 82.4, दर्शन जैन 81.6, सोनम प्रजापत 80 प्रतिशत को प्रिंसिपल प्रमिला तिवाड़ी, व्यवस्थापक बुधाराम खिलेरी ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कर्यक्रम में अत्यंत उत्साह और गर्व के साथ वक्ताओं ने मेधावी छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत, समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता को सराहा। टॉप रैंकर्स को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में साफा और पदक देकर सम्मानित किया गया। बुधाराम खिलेरी ने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य न केवल छात्रों की सफलता को सम्मानित करना था बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को भी मान्यता देना था। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या ने छात्रों के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# गौ सवामणी आयोजित




**डूण्डलोद ( नवयत्न )।** डूण्डलोद की कामधेनू गौशाला में तिब्बारे वाले बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में गौ सवामणी का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि बादामी देवी धानुका बलारा निवासी पुत्री सेडमल कानोडिया डूण्डलोद की स्मृति में उनके परिवार के बलारा निवासी मुम्बई प्रवासी लक्खी प्रसाद धानुका की ओर से गायों के लिए हरा चारा, दलिया एवं गुड़ की गौसवामणी कर गौवंश को खिलाया गया। इस अवसर पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष हरफूल सिंह पूनिया, महेश अग्रवाल, ललित अग्रवाल, सुरेश नुआवाला, सुभाष खण्डेलवाल, ओमप्रकाश भूत, मनफूल पूनिया, सहीराम खटोड, जितेन्द्र सैनी, गोविन्द स्वामी, सीताराम जीगनर, सुरेश पूनिया, मनोज स्वामी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकाल के मध्यनजर हीट वेव से बचाव हेतु जिला स्तर पर एक्शन प्लान जारी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आगामी ग्रीष्मकाल के मध्यनजर हीट वेव से बचाव हेतु जिला स्तर पर हीट वेव एक्शन प्लान जारी करते हुए जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्य व सुरक्षात्मक उपायों को लेकर विस्तृत निर्देश दिए हैं। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि जारी आदेशानुसार पंचायतीराज संस्थान व स्थानीय नगर निकाय को पटवारी, ग्राम सेवक, चौकीदार, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी सेविकाओं से लोगों की शिकायतों का निराकरण करने के लिए समय-समय पर जानकारी प्राप्त करने, स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने, हाइजीन और सेनिटेशन कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने, जिले के समस्त मनरेगा स्थलों पर कार्य कर रहे लोगों के लिए लू-तापघात से बचाव के लिए समुचित प्रबंधन करने, उनके पीने के स्वच्छ ठण्डे पानी एवं छाया व बैठने की उचित व्यवस्था करने व साथ ही इमरजेंसी मेडिकल कीट आवश्यक दवाईयों की किट की उपलब्धता सदैव बनाए रखने हेतु चिकित्सा विभाग से समन्वय बनाए रखने, स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाने, सभी अग्निशमन केन्द्रों को चेतावनी जारी करने, सभी संसाधनों को तैयार अवस्था में रखने, आपदा के दौरान पानी के टेंकर, ट्रेक्टर, क्रेन्स और अन्य उपकरण जैसे अग्नि सूट, मास्क, कम्बल, जैनरेटर, आदि तैनात करना और पर्याप्त मात्रा में श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, तेल, गैस एवं अन्य खतरनाक पदार्थों के रिसाव से पैदा होने वाली संभावित संकटकालीन स्थितियों पर नियंत्रण रखनेए लू-तापघात का कारगर तरीके से मुकाबला करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, सेल्फ हेल्प ग्रुपस एसएचजी व सरकारी संस्थाओं में समन्वय स्थापित करने, पंचनामा के आधार पर मुआवजा दिलवाने आदि को लेकर निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को हीटवेव से बचाव हेतु गाईडलाइन जारी करने, जिले मे मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय के साथ समस्त ब्लॉक स्तरध्समस्त सामुदायिक, प्राथमिक/शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कन्ट्रोल रूम एवं रेपिड रेस्पोंस टीमों का गठन करने, सभी चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक एम्बुलेंस, दवाइयों, मोबाइल चिकित्सा दलों, जीवन रक्षक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय में लू-तापघात के रोगियों हेतु वार्ड मे छः से दस बैड एवं जिले के अन्य समस्त चिकित्सा संस्थानों पर लू-तापघात के रोगियों हेतु वार्ड में दो-चार बैड की अलग से व्यवस्था करने, वार्ड को ठण्डा रखने के लिये कूलर- पखों की व्यवस्था करने, इसी तरह फ्लू, जल जनित रोग के रोगियों को अलग वार्ड में रखने, जिला



चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सा संस्थानों में आने वाले रोगियों एवं परिजनों हेतु पीने के ठण्डे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जिला चिकित्सालय सहित सभी चिकित्सा संस्थानों पर उपचार हेतु आवश्यक दवाईयां, ओआरएसए ड्रिप सेट, आईवी फ्लूड-जीएनएस/जीडीडब्ल्यू/आरएल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने, नगर पालिका, स्थानीय प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से सम्पर्क कर जगह-जगह पानी एवं छाया की व्यवस्था करने हेतु प्रेरित करने, शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर स्कूलों/आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय परिवर्तन करवाने हेतु अनुरोध करने, जिले मे संचालित होने वाले शिविर स्थलों पर पानी, कूलर, छाया एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने लू-तापद्यात हीट स्ट्रोक केसेज की प्रतिदिन दैनिक रिपोर्ट आईएचआईपी पोर्टल, पी-फॉर्म पर दोपहर दो बजे तक करवाने, उपकरण मशीन पंखे, कूलर, वाटर कूलर, वार्ड के एसी इत्यादि को अपग्रेड और कार्यरत स्थिति में बनाए रखने, ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाने एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट एमएमयू/मोबाईल मेडिकल वेन एमएमवी व आरबीएसके टीमों द्वारा लोगोंए विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर का परीक्षण और जरूरी इलाज करने, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस प्रत्येक माह की 09 तारीख पर गर्भवती महिलाओं को लू-तापघात एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव व उपचार के प्रति जागरूक करने, होटलों/दुकानोंध्ठेलों एवं सामुदायिक रसोई में दूषित व मिलावटी खाद्यान्नों एवं पके हुये खाद्य सामग्री का परीक्षण एवं उन्हें नष्ट करवानेए पीएचईडी विभाग से समन्वय स्थापित कर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने, मौसमी बीमारियों पर सतत निगरानी बनाए रखने तथा आयुर्वेद, होम्योपेथी एवं यूनानी चिकित्सा विभाग को चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करना और आवश्यक सहयोग प्रदान करने, हीटवेव से बचाव हेतु आगजन को आवश्यक जानकारी प्रदान करनेए जिले के जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के साथ समस्त आयुर्वेद चिकित्सालयों पर कन्ट्रोल रूम एवं चिकित्सा दलों का गठन करने, सभी चिकित्सा संस्थानो में आवश्यक दवाइयों, चिकित्सा दलों, जीवन-रक्षक औषधियों की व्यवस्था करने, जिले के जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में लू-तापघात के रोगियों हेतु वार्ड मे दो से चार बैड एवं जिले के अन्य समस्त आयुर्वेद चिकित्सालय पर लू-तापघात के रोगियों हेतु वार्ड में बैड की अलग से व्यवस्था की जाने, वार्ड को ठण्डा रखने के लिये कूलर, पंखों की व्यवस्था करने, चिकित्सा संस्थानों मे आने वाले रोगियों एवं परिजनों हेतु पीने के ठण्डे पानी व छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार पशुपालन विभाग को वैटेरिनरी अधिकारियों द्वारा चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने, जिले के समस्त पशु चिकित्सालयों में चिकित्सा दलों का गठन करने, सभी चिकित्सा संस्थानों में पशुओं हेतु आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था करने, पशुपालकों की बैठक आयोजित कर स्क्रब टाईफस रोग के बारे में जानकारी देना एवं पशुओं व बाड़ों में साईपरमैथ्रिन का छिड़काव कराने, पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बिमारियों पर सतत निगरानी बनाए रखने, पशुपालकों को हीटवेव से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देने व बचाव हेतु उपाय बताने, पीड़ित जानवरों एवं पक्षियों का संगरोधन, जानवरों का टीकाकरण कर पशुओं की बीमारियों पर नियंत्रण करने, मृत जानवरों और पक्षियों का सुरक्षित डिस्पोजल करने, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पर्याप्त मात्रा में वाटर टैंकर, ब्लीचिंग पाउडर, नए हैंडपम्प लगाने, वर्तमान हैंडपम्प की मरम्मत करने, क्लोरिनेशन आदि की व्यवस्था करनेए हाइजीन और सेनिटेशन के बारे में जागरूकता फैलानेए सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था, जल की गुणवत्ता की निगरानी और उन्नत सेनिटेशन, सभी ग्राम पंचायतों को घरों में बांटने के लिए जल को शुद्ध करने वाली गोलियां ; लोरिन, ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरिन की सप्लाई करने, स्वास्थ्य एवं सेनिटेशन के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आईईसी द्वारा जारी नोटिस, पोस्टर, पेन्टिंग्स, मीडिया आदि का प्रयोग करने, नियमित एवं अन्य स्त्रोतों से जल की उचित आपूर्ति व अग्निशमन वाहनों हेतु अतिरिक्त जल की उपलब्धता करने, जहां बिजली की सप्लाई बन्द हो गई है, वहां जनरेटर सेट की व्यवस्था करने व पानी के टेंकर का इंतजाम करने, पानी के बिल जमा कराए जाने वाले स्थानों पर आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी व छाया की व्यवस्था करने, पुलिस विभाग को कानून एंव व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ को नियंत्रित करने और बचाव एवं राहत कार्यों व उचित ट्रेफिक व्यवस्था के लिए प्रवेश एवं निकास स्थान नियत करने, अफवाहों को रोकने के लिए जरूरी उपाय करने, सोशल मीडिया पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में एनसीसी और स्काउट्स को स्वयंसेवक उपलब्ध कराने, मौसमी बीमारियों व आपदा से बचाव व राहत कार्यों में सहयोग प्रदान करने, विद्युत विभाग को बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली के बिल जमा कराए जाने वाले स्थानों पर आने वाले आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी व छाया की व्यवस्था करने, जल आपूर्ति केन्द्रों पर जलदाय विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करवाने, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को बर्फ की आपूर्ति और जैनरेटर्स की व्यवस्था करने, जिले में दूषित खाद्य पदार्थमिलावटी खाद्य पदार्थ की जांच कर नष्ट करवाने एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जिले में राशन की दुकानों आने वाले लाभार्थियों हेतु पीने के ठण्डे पानी व छाया की व्यवस्था करने, रेल्वे को जिले के सभी रेल्वे स्टेशनों पर यात्रा करने वाले यात्रियों एवं आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी, छाया, प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आपदा की स्थिति में पीड़ित लोगों को ले जाने के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था करने, सड़क परिवहन विभाग को यात्रियों के लू-तापघात से बचाव के लिए समुचित प्रबंध करनेए जिले के सभी बस स्टैंडों, यात्री प्रतीक्षालयों पर यात्रियों एवं आमजन हेतु पीने के ठण्डे पानी, छाया व बैठने की उचित व्यवस्था करने, प्रशासन के निर्देशानुसार पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने के लिए विशेष बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार दूरसंचार विभाग को बेहतर संचार नेटवर्क जारी रखने, क्षतिग्रस्त लाइनों और नेटवर्क को पुनः चालू करने, आपदा की स्थिति में आमजन तक त्वरित संदेश पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, रेडियो, दूरदर्शन एवं अन्य न्यूज चौनल को लोगों को स्वास्थ्य, सेनिटेशन एवं हाइजीन के बारे मे जागरूक करने के लिये आईईसी द्वारा जारी नोटस, पोस्टर, जिन्गल्स, रेडियो, टीवी पर जागरूकता कार्यकमों का प्रसारण करने, सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में मीडिया के द्वारा समय-समय पर बुलेटिन जारी करने, सहकारिता विभाग को पंजीकृत गैर सरकारी संगठन, समाज सेवा के कार्य में जुटी स्वयंसेवी संस्थाओं की सूची चिकित्सा विभाग एवं उपखण्ड अधिकारियों को उपलब्ध करवाने, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को जिले में स्थित समस्त बस डिपो पर छाया, पानी, बैठने, प्राथमिक उपचार आदि की व्यवस्था करनेए बसों के रूट पर संचालन के दौरान बसों को ऐसे स्थान पर रोककर उतारा जाए जहां छाया आदि की पूर्ण व्यवस्था हो, शिक्षा विभाग को विद्यालयों में छाया, पानी, प्राथमिक उपचार किट आदि की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य खुले में नहीं करवा, जाने, महिला एवं बाल विकास विभाग को समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर छाया, पानी, प्राथमिक उपचार किट आदि की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने, गैर सरकारी संगठन को राहत व बचाव के कार्यों में प्रशासन की मदद करने, पीड़ित लोगों को उपचार की सेवाओं की व्यवस्था करने, आमजन के सहयोग हेतु पीने के ठण्डे पानी के लिए विशेष स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करने, स्थानीय निकाय विभाग को शहरी क्षेत्रों में भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छाया, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने, व्यापार मण्डल आदि संगठनों के साथ समन्वय कर विभिन्न स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करने, नगर निकाय द्वारा संचालित प्याऊ आदि की साफसफाई करवाकर उन्हें चालू करवानेए हीट स्ट्रोक के दौरान सड़कों पर छिड़काव आदि कार्य करवाने आदि निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ विद्युत भार को देखते हुए विभागाध्यक्षों को कार्यालयों में स्थानीय भामाशाहों, दानदाताओं के सहयोग से सोलर पैनल लगवाने, कार्यालय में सोलर पैनल, इन्वर्टर, बैटरी आदि की आवश्यकतानुसार रिपेयरिंग, कार्यालयों में स्थापित पानी की टंकियों, कुण्ड आदि की सफाई करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## वीपीएस स्कूल के बच्चों ने लहराया सफलता का परचम



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** वीपीएस स्कूल राजोता में शुक्रवार को सीबीएसई के दसवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक अशोकसिंह शेखावत थे। अध्यक्षता चेयरपर्सन विजया शेखावत ने की। प्राचार्य अजयसिंह शेखावत ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड का दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें गौरागी वर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। इसी प्रकार दीक्षा सैनी ने 89, यश सैनी, दीक्षा मित्तल ने 87.87, पलक सैनी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। दस बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

संस्था निदेशक अशोक सिंह शेखावत ने बताया कि सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ण परिणाम देकर सफलता का परचम लहराया। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए माला, साफा पहनाकर एवं प्रतिक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ, बच्चे एवं अभिभावक मौजूद थे।

## राहगीरों को लूटने वाला गिरोह पकड़ा : हिस्ट्रीशीटर सहित दो गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले के सांभर लेक थाना पुलिस ने राहगीरों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हिस्ट्रीशीटर कुलदीप सिंह और नगेन्द्र सिंह उर्फनीकू शामिल हैं, जो पहले भी हत्या जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुके हैं। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि 16 अप्रैल को रसूलपुरा निवासी गणेश जाट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 12 अप्रैल को अज्ञात बदमाश उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान इलाके में ले गए और नकदी व सोने की अंगूठी लूटकर फरार हो गए। इस पर सांभर लेक थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा और पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी राममिलन और फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र की मदद से जयपुर में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने 2 अप्रैल को फुलेरा क्षेत्र के रोजड़ी गांव में एक बुजुर्ग महिला से मारपीट कर उसकी नथ लूटने की वारदात भी कबूल की है। इस संबंध में फुलेरा थाने में पहले से मामला दर्ज है।

पुलिस के अनुसार कुलदीप सिंह सांभरलेक थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफहत्या, लूट, चोरी, नकबजनी और मारपीट सहित करीब दर्जन भर मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और स्मैक की लत पूरी करने के लिए सुनसान इलाकों में बुजुर्गों को निशाना बनाते थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और आशंका है कि उनसे अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। इस कार्रवाई में सांभरलेक और फुलेरा थाना पुलिस की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

## यंग्स क्लब का निःशुल्क पेयजल सेवा प्रकल्प शुरू

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सेवा प्रकल्पों की श्रृंखला में गर्मी के मौसम में नगर के विभिन्न स्थलों पर कैंपर्स के माध्यम से संचालित निःशुल्क पेयजल सेवा प्रकल्प का शुभारम्भ शुक्रवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में हुआ। कार्यकम के मुख्य अतिथि डॉ सरोज कुमार छाबड़ा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जल सेवा सर्वश्रेष्ठ सेवा है, जो कि राहगीरों के लिए सार्थक साबित होगी। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया की प्रेरणा से नगर के तीन विशिष्ट स्थलों यंग्स क्लब के सामने कमलेश भरत डुंगरवाल बेंगलुरू के सौजन्य,



जनाना अस्पताल के पास एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स, सेठिया परिवार दिल्ली के सौजन्य व डी सी एम रोड दिखनादा बाजार पर हरकचंद सरावगी की स्मृति में जल सेवा प्रकल्प शुरू हुआ है। इस अवसर पर राजेन्द्र गीड़िया, कौशल्या गुलेरिया, जयकुमार स्नेहप्रभा मिश्रा, शांतिलाल सेठी, पवन चितलांगिया, राजकुमार क्याल, संदीप लाटा, मूलचंद तिवाड़ी, क्लब प्रतिनिधि दानमल शर्मा, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, प्रतीक, अंकित चोटिया आदि मौजूद रहे।

## अक्षय तृतीया पर गौ-उत्पाद बिक्री दिवस मनाया जाएगा

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री राजलदेसर गौशाला में राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे आह्वान के तहत गौ-उत्पाद बिक्री दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर गौशाला परिसर में पोस्टर का विमोचन किया गया। गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए विभिन्न प्रकार के गौ-उत्पाद तैयार कर आसपास के क्षेत्रों में भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि अक्षय तृतीया के दिन राजलदेसर के प्रमुख मार्गों पर गौ.उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आमजन को शुद्ध, प्राकृतिक एवं उपयोगी उत्पाद उपलब्ध करवाए जाएंगे।



इन स्टॉल पर गौमूत्र अर्क, गोबर से बने दीये, कंडे, खाद एवं अन्य दैनिक उपयोग के उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को गौ-उत्पादों के महत्व, उपयोगिता एवं निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी, जिससे उनमें स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़े। साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के प्रति प्रेरित किया जाएगा। गौशाला समिति द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गौ-उत्पादों का उपयोग करें एवं गौ-सेवा में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से गौशालाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर गौशाला समिति के वीरेंद्र लाटा, भुवनेश्वर शर्मा, मुकेश श्रीमाल, रतनलाल बारुपाल, हनुमानमल सोनी, परमेश्वर फोगला एविनोद भाटिया, मांगीलाल प्रजापत आदि मोजूद रहे ।

### गायत्री महायज्ञ के साथ आठ महिलाओं का कराया पुसंवन संस्कार

**जयपुर ( नवयत्न )।** गर्भ में पल रहे शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से चलाए जा रहे आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विद्याधरनगर के किशनबाग के राजकीय विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी अंबावाड़ी प्रथम में शुक्रवार को 8 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार करवाया गया। गायत्री परिवार की मोहिनी सैनी ने गायत्री महायज्ञ के साथ यह संस्कार करवाया। देव पूजन के बाद यज्ञ में गायत्री महामंत्र से आहुतियां दी गई। गर्भवती महिलाओं ने गर्भस्थ शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए खीर से विशेष आहुतियां प्रदान की। गायत्री चेतना केन्द्र, मुरलीपुरा की ज्योति शर्मा ने कहा सनातन धर्म में 16 संस्कार होते हैं। गर्भस्थ शिशु के समुचित विकास के लिए यह संस्कार किया जाता है। अधिक लाभ के लिए शिशु के गर्भ में आने के तीन माह बाद यह करना चाहिए।

## मुस्लिम छींपा समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मुस्लिम छींपा समाज द्वारा रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह एवं श्री राम हॉस्पिटल बीकानेर के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन का आयोजन किया गया। छिंपा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 70 से ज्यादा ब्लड यूनिट डोनेशन किया गया तथा 80 प्रतिभाओं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं तथा स्नातक अच्छे अंकों से से उत्तीर्ण करने वाले होनहारों को सम्मानित किया गया। करीब 200



से ज्यादा लोगों को चिकित्ससकी परामर्श दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर आसिफटाक, एडवोकेट सचिव सद्दाम, रमजान टाक, शकील टाक, सलीम भाटी, आरिफ टाक, असलम राव, इकबाल टाक, सदिक भाई, उमरदीन टाक, साजिद टाक, आदिल भाटी, उमरुद्दीन राव आदि ने योगदान दिया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर तीन माह का विशेष जागरूकता होगा अभियान शुरू : नायक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए अप्रैल माह से तीन माह का विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला कलक्टर व जिला सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष संदेश नायक ने कहा कि जयपुर एक प्रमुख पर्यटन नगरी होने के कारण यहां आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर के यातायात को सरल, सुगम और दुर्घटना रहित बनाना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने यादगार अजमेरी गेट से सांगानेर तक टोंक रोड को आदर्श यातायात पथ के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इस कार्य में जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य एजेंसियां मिलकर काम करेंगी। तीन माह तक चलने वाले अभियान के दौरान सड़कों की मरम्मत, सीवरेज मैनहोल दुरुस्ती, साइनेज लगाना, जेब्रा क्रॉसिंग और डिवाइडर सुधार, ट्रैफिक लाइट्स दुरुस्ती और सड़क की सफेद लाइन को पुनः पेंट किया जाएगा। इसके साथ ही पैदल यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा ओवरलोड वाहनों, ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने, सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग नहीं करने, शराब पीकर वाहन चलाने तथा मोबाइल का उपयोग करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। उन्हें ट्रैफिक सिग्नल, सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि जयपुर में 88 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 53 पर सुधारात्मक कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 34 स्थानों पर कार्य प्रगति पर है।


### कार्यालय नगर परिषद, सीकर

क्रमांक :- 513 | दिनांक :- 13/04/2026

**निविदा सूचना सं./2026-27**

नगर परिषद, सीकर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रदाय करने के लिये दर संविदा हेतु फर्म/संस्था से निविदा शर्तो अनुसार 1 कार्य की ऑफलाईन निविदां आमंत्रित की जाती है। जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है :–

| | |
|---|---|
| निविदा विक्रय तिथि | दिनांक 20.04.2026 प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक |
| निविदा जमा तिथी | दिनांक 21.04.2026 सायं 02:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 21.02.2026 सायं 02:00 बजे के पश्चात |

UBN No. : DLB2627SSOB01609, NIB Code : DLB2627A0512

राज.संवाद/सी/26/1018

वरिष्ठ आयुक्त,
नगर परिषद, सीकर

### आम सूचना

मैं किशना देवी पत्नी स्व. सुमेर सिंह वार्ड नं. 14, सादुलपुर बाईपास मलसीसर, जिला झुंझुनूं (राज.)। यह कि मेरे पति सुमेर सिंह का दिनांक 14-12-2024 को निधन हो गया। उनके नाम मारुति सुजूकी डिजॉयर कार नं. आर.जे. 18 सी.डी. 4273 है जिसका रजिस्ट्रेशन जिला परिवहन कार्यालय, झुंझुनू में दर्ज है। जिसे अब मैं अपने नाम करवा रही हूं। यदि किसी को आपत्ति है तो 7 दिवस में जिला परिवहन अधिकारी, झुंझुनू के समक्ष दर्ज करवा सकता है।

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर

2/3, हाउसिंग बोर्ड
बस डिपो के पीछे, सीकर
फोन नं. 01572-270329
E-mail-eerhsdpsikar@gmail.com, ee-mh-silar@gov.in
क्रमांकः प.01( )/चि.स्वा./खण्ड-सीकर/2026/27/07 | दिनांक :- 07.04.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या :- 01/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर के अन्तर्गत जिला सीकर एवं जिला झुंझुनू में विभिन्न विधुत कार्यों हेतु राशि रु. 67.00 लाख तक के कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org.http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है। कार्य के UBN No निम्नलिखित है:-

| क्र.सं. | UBN No |
|---|---|
| 1 | NRH2627WSOB00031 |

DIPR/C/7006/2026

अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,
खण्ड सीकर

# पत्नी से परेशान पती ने जहर खाकर की आत्महत्या

## मरने से पहले बहन को भेजा सुसाइड नोट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना इलाके में गत 21 फरवरी की रात एक युवक ने अपनी पत्नी से परेशान होकर जहर का सेवन कर आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस ने मृतक की बहन के मोबाइल पर आए मैसेज के आधार पर हत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पीड़ित पिता सांगानेर के वैष्णव नगर निवासी रामनिवास बाथम ने अपनी बहू के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि मई-2011 में संदीप 38 की शादी उत्तर प्रदेश निवासी लड़की से हुई थी। मृतक संदीप ने 21 फरवरी को रात करीब 217 बजे अपनी बहन पायल को वॉट्सऐप पर मैसेज भेजा था, जिसमें अपनी पत्नी पर परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही उसकी पत्नी की ओर से झगड़ा करना शुरू कर दिया गया। घरवालों से अलग रहने की जिद के चलते रोज-रोज क्लेश करने लगी। जिससे तंग आकर संदीप शादी के दो महीने बाद मुहाना में किरा, का मकान लेकर अपनी पत्नी के साथ रहने लगा। जिसके बाद उसकी पत्नी आए दिन झगड़ा कर संदीप से रुपए ऐंठने लगी। मना करने पर साल-2014 में उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में झूठे आरोप लगाकर भरण-पोषण का केस दर्ज करवा दिया। वारंट निकलने पर पुलिस वाले के घर आने पर केस का पता चला। बदनामी के डर से केस हटाने के एवज में पैसे ऐंठ जून-2016 में राजीनामा लिख दिया। जिसे बाद दोबारा दहेज का केस दर्ज करवाया दिया। इस बारे में पता नहीं चले, इसलिए उनका गलत पता लिखवा दिया। गलत एड्रेस के कारण केस का पता नहीं चलने पर अरेस्ट वारंट जारी हो गए। जिसमें संदीप और उसकी मां मीरा देवी को जेल हो गई। पैसे लेकर दोबारा राजीनामा करने पर दिसंबर-2025 में सटेलमेंट एग्रीमेंट के आधार पर मां-बेटे को जमानत मिली। इतना करने के बाद भी उसकी पत्नी का व्यवहार नहीं बदला और अपने घर वालों के साथ मिलकर आए दिन गाली-गलौच व हाथापाई कर धमकाने लगी। जिसके बाद 21 फरवरी की रात करीब 217 बजे संदीप ने अपनी बहन पायल को वॉट्सऐप पर मैसेज भेजा।

उसके कुछ ही देर बाद उसके बेटे ने परिवारवालों को कॉल कर बताया कि पापा ने कुछ खा लिया है, उन्हें हॉस्पिटल लेकर गए है। हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टर्स ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। मृतक पिता का आरोप है कि उसके बेटे संदीप ने पत्नी और ससुराल वालों से परेशान होकर आत्महत्या की है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# भीषण गर्मी में परिंदों के लिए सहारा बना माली सैनी समाज

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी को मध्यनजर रखते हुए माली सैनी समाज संस्था, झुंझुनू द्वारा परिंदों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत रविवार 19 अप्रैल से की जा रही है। यह अभियान पूरे सप्ताह तक चलेगा, जिसमें बेजुबान पक्षियों के लिए जिले के विभिन्न गांवों, ढाणियों, कस्बों और शहरों में परिंडे लगाए जाएंगे तथा उनमें नियमित पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत संस्था ने 1100 परिंडे बांधने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस पुनीत कार्य की जिम्मेदारी संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा उठाई जाएगी जो अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संस्था के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने बताया कि सभी पदाधिकारियों, सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे अपने घर, उद्यान, खेत-खलिहान आदि स्थानों पर परिंडे बांधकर इस सामाजिक अभियान में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि सृष्टि के संतुलन और पारिस्थितिक तंत्र के सुचारू संचालन में पक्षियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पक्षी न केवल प्रकृति की सुंदरता बढ़ाते हैं बल्कि पर्यावरण के प्रहरी के रूप में भी कार्य करते हैं। ऐसे में गर्मी के इस मौसम में उनके लिए पानी की व्यवस्था करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। महेन्द्र शास्त्री ने सभी आमजन से भी इस अभियान में जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि आओ मिलकर बेजुबान परिंदों का सहारा बनें।

# वैशाख अमावस्या : गोविंद देवजी मंदिर में सजी विशेष झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी जयपुर में वैशाख अमावस्या पर शुक्रवार को धार्मिक आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से ही विभिन्न तीर्थ स्थलों के जल मिले पानी से स्नान किया। प्रमुख तीर्थ स्थल गलता जी तीर्थ पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। कुंड में खड़े होकर पितरों के निमित्त तर्पण कर पुण्य अर्जित किया। वहीं, आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक कर काले रंग की नवीन पोशाक धारण कराई गई। फूलों से विशेष झांकी सजाई गई। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में सुबह पितरों की शांति के लिए हवन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पितरों के निमित्त आहुतियां प्रदान की। रामगंज बाजार के कावंटियों का खुर्रा स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर में अमावस्या के उपलक्ष्य में भजन-संकीर्तन हुआ। मंदिर महंत पंण्लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से संकीर्तन किया। पुरानी बस्ती के गोपीनाथ जी, चौड़ा रास्ता के राधा दामोदर जी, मदन गोपाल जी, रामगंज बाजार के लाड़लीजी, चांदनी चौक स्थित ब्रज निधि जी सहित अन्य मंदिरों में वैशाख अमावस्या पर ठाकुरजी की विशेष झांकी सजाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गौशालाओं में जाकर गायों को गुड़-चारा खिलाया। सेवा म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था के भक्तों ने चारा, रोटी, चपाती, चने की दाल, कत्र की सांगानेर स्थित दादू दयाल गोशाला पहुंचाया। शिवदयाल सिंह, जय सिंह, आनंद कुमार, रामजीलाल सेन, कमल जैन रतन कट्टा ने सेवाएं दीं। अग्रवाल फार्म के सेक्टर 113 स्थित श्याम पार्क जरूरतमंदों को भोजन कराया और दान-पुण्य किया। सांगानेर की श्री पिंजरापोल गौशाला, दुर्गापुरा गौशाला, हिंगोनिया गौशाला, खोले के हनुमान मंदिर की गौशाला सहित अन्य गौशालाओं में भी अमावस्या पर गोसेवा की गई।

# मधुमक्खियों के हमले में तीन घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सारंगसर गांव के निजी विद्यालय में मधुमक्खियों के हमले में एक छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गए। जिनको सुजानगढ़ के बगड़िया अस्पताल लाया गया। जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने इमरजेंसी मे भर्ती कराया तथा गंभीर स्थिति में छात्रा परी जाट, नितेश, हिम्मत सिंह का उपचार किया गया। नितेश ने बताया कि स्कूल के समय बाहर की ओर से आए मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला बोल दिया, जिससे तीन घायल हो गए।

# चांदपोल से बड़ी चौपड़ तक गूंजा नारी शक्ति का जोश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जयपुर में ष्नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन का आयोजन किया गया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माय भारत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह 7:30 बजे चांदपोल से शुरू हुई यह रन बड़ी चौपड़ तक आयोजित की गई। करीब 1.5 किलोमीटर लंबी इस दौड़ में छात्राओं, उद्यमियों, पत्रकारों, खिलाड़ियों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे मार्ग पर जोश और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की थीम ष्नारी शक्ति वंदन रखी गई। रन को राज्य मंत्री मंजू बाघमार और पूर्व विधायक अलका गुर्जर ने फ्लैग-ऑफ किया। इस मौके पर पूर्व महापौर कुसुम यादव सहित कई प्रमुख महिलाएं उपस्थित रहीं। विशेष आकर्षण के रूप में कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 की कांस्य पदक विजेता पूजा और वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 की स्वर्ण पदक विजेता कचनार चौधरी ने भी भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। माय भारत राजस्थान के राज्य निदेशक देवेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य फिट इंडिया के संदेश को आगे बढ़ाना और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# कचरा पात्र में कचरा डालकर लगाई जा रही है आग, हर दिन फैल रहा है प्रदूषण

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ नगरपालिका द्वारा कचरा संग्रहण करने वाले पात्रों में दुकानदारों द्वारा कचरा जलाकर जहां प्रदूषण फैलाया जा रहा है, वहीं सरकारी संपत्ति को नुकसान भी पहुंच रहा है। लेकिन इन सबके बावजूद नगरपालिका आंख मूंदकर बैठी है। दिए तले अंधेरे वाली कहावत तो सभी ने सुनी होगी, लेकिन यह कहावत नगरपालिका पर चरितार्थ भी हो रही है। नगरपालिका के पास पोस्ट ऑफिस रोड पर कचरा संग्रहण के लिए रखे पात्र में अज्ञात ने गन्ने के छिलके डालकर उसमें आग लगा दीए जिससे उक्त कचरे का धुआं आसपास के वातावरण में फैल गया। इस स्थान पर रघुनाथ स्कूल एवं श्री गांधी बाल निकेतन जैसी दो बड़ी शिक्षण संस्थाएं है।

सुबह के समय कचरा जलता है, उसी दौरान स्कूल में विद्यार्थियों का आना होता है। ऐसे में इस गन्दगी के जलने से फैला धुआं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डाल रहा है और जिम्मेदार मौन है। पूर्व पार्षद अमरचंद सैनी ने बताया कि यह समस्या एक दिन की नहीं है, यहां पर प्रतिदिन कचरे को जलाया जाता है। कचरा पात्र में आग जलने से उसे भी नुकसान पहुंच रहा है, जो सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की श्रेणी में आता है। लेकिन पालिका द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि शहर में इस तरह से कचरे का निस्तारण कई जगहों पर किया जा रहा है।

# सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि




निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति रहे सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन् 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था। राधाकृष्णन एक भारतीय दार्शनिक और राजनेता थे। उन्होंने 1962 से 1967 तक भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। इसके पूर्व सन् 1952 से 1962 तक भारत के पहले उपराष्ट्रपति भी रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह ढाका, शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, महेंद्र धायल, पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमासिया, राजकुमार झटावा, बजरंग सिंह ख्याली, इंद्राज सिंह पूनिया, हरीश गोयल, नरेंद्र सिंह शेखावत, कृष्ण कुमार पुरोहित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित की।

# शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** रामदेव ढाका स्मृति प्रन्यास की ओर से शुक्रवार को सुजानगढ़ के लायन्स चेरिटेबल ब्लड सेंटर में चूरू के पूर्व जिला प्रमुख रहे दिवंगत रामदेव ढाका की स्मृति में उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय जाट महासभा, राजस्थान और बाल भारती इंटरनल स्कूल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक लगभग पचास लोगों ने रक्तदान किया। शिविर संयोजक डॉघनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में दिवंगत ढाका की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रन्यास के अध्यक्ष विद्याधर पारीक ने आयोजकीय पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।

# चिकित्सालय में शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने हेतु सराहनीय पहल करते हुए युवा विकास समिति की प्रेरणा से राजकीय चिकित्सालय परिसर में शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ स्वर्गीय रामलाल जोड़ा की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी तुलसी देवी के सहयोग से शुरू की गयी है। प्याऊ का विधिवत शुभारंभ पंडित बृजेश दाधीच के मंत्रोउच्चारण के साथ समाजसेवी पूनमचंद गर्ग द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। समिति के अध्यक्ष मुकेश श्री माल के द्वारा उपस्थित व्यक्तियों को तथा अस्पताल के स्टाफ को मिठाई के डिब्बे भी वितरित किए गए उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में अस्पताल में आने वाले मरीजों, उनके परिजनों तथा राहगीरों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर वर्ष इस प्रकार की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने कहा कि सेवा भाव से किए गए ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं। वहीं, वीरेंद्र लाटा ने प्रेरक अजीत सुथार एवं सहयोगकर्ता तुलसी देवी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि समिति भविष्य में भी इसी तरह जनहित के कार्यों को निरंतर जारी रखेगी।

इस अवसर पर मंत्री विनोद भाटिया, पूर्व अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, पूर्व मंत्री मदन दाधीच, परमानंद प्रजापत, सुरेंद्र टाक, ओमप्रकाश मीणा, पवन मारू दीनदयाल स्वामी नेता प्रतिपक्ष, दीनदयाल कटारिया, उपमंत्री शिव भगवान सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मंदिर में चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने मंदिर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए का चोरी किया गया सामान बरामद किया है। आरोपियों ने पूछताछ में कई वारदातें करना भी कबूल किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने मंदिर चोरी के मामले में आरोपित विष्णु बंजारा 23, कमल प्रजापत 27 और शंकर बंजारा 66 को गिरफ्तार किया गया। तीनों ही आरोपित दौलतपुरा इलाके के रहने वाले है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया चांदी का सामान और मूर्तियां बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने दौलतपुरा, खोरा बिसल और अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे के आदी हैं और दिन में कॉलोनियों व मंदिरों की रेकी कर सुनसान स्थानों पर ताला तोड़कर चोरी करते थे। चोरी का सामान सस्ते दामों में बेचकर नशे और मौज-मस्ती में पैसे खर्च कर देते थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। थानाधिकारी उदय सिंह के अनुसार 12 अप्रैल 2026 को परिवादी संजय वैष्णव निवासी भगवान नगर, हरमाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि चमत्कारेश्वर महादेव एवं हनुमान जी मंदिर, नाथ एवेन्यू कॉलोनी से चांदी के चार छत्र और लड्डू गोपाल की मूर्तियां चोरी हो गईं। घटना के समय मंदिर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले में हरमाड़ा थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता एवं सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं उषा यादव के निर्देशन में थाना प्रभारी नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने आसपास के 70-80 सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की पहचान की और उनके मूवमेंट का रूट ट्रेस करते हुए तीनों को धर-दबोचा। इस कार्रवाई में हरमाड़ा थाना पुलिस की टीम के कई पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लगातार प्रयास कर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

# पूजा चौधरी ने भारतीय रियल एस्टेट विषय पर शोध करके हासिल की पीएचडी की उपाधि

निसं




**मंडावा ( नवयत्न )।** तहसील के गांव भोजासर की बेटी एवं बिरोल हाल भगत सिंह कॉलोनी नवलगढ़ निवासी विजेंद्र सिंह चौधरी की पुत्रवधु पूजा चौधरी ने सिम्बायोसिस अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय पुणे से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अब वे डॉक्टर पूजा चौधरी के रूप में जानी जाएगी। डॉ पूजा चौधरी ने बताया कि पोद्दार कॉलेज नवलगढ़ से बीबीए, राजस्थान विश्वविद्याल जयपुर से एमबीए के पश्चात यूजीसी-नेट जेआरएफ से लेकर पीएचडी तक का पूरा शैक्षणिक सफर कड़ी मेहनत, समर्पण और धैर्य के साथ सफलतापूर्वक तय किया है।

### रियल एस्टेट पर किया शोध कार्य

डॉ पूजा चौधरी का शोध का विषय उच्च प्रदर्शन कार्य प्रणालियाँ, कार्य की तीव्रता एवं कर्मचारी प्रसन्नता का लेकर भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में एक अनुभवजन्य अध्ययन रहा। यह शोध भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनाई जाने वाली कार्य प्रणालियों, कर्मचारियों पर बढ़ते कार्य दबाव तथा उनकी प्रसन्नता एवं संतुष्टि के बीच संबंधों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है। यह शोध न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि उद्योग जगत के लिए भी उपयोगी निष्कर्ष प्रदान करता है।

### 20 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित

डॉ चौधरी वर्तमान में सिम्बायोसिस अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय पुणे में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही 20 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित कर चुकी हैं, जो उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं शोध के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं।

### परिवारजनों को दिया सफलता का श्रेय

डॉ पूजा चौधरी ने परिवार जनों सहित सास कमला, माता प्रमिला, पिता महिपाल मील पत्रकार एवं पति विष्णु चौधरी को अपनी इस सफलता का श्रेय दिया है।

सभी परिवारजनों के निरंतर सहयोग, प्रोत्साहन और विश्वास ने सफर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना है कि परिवार के समर्थन और प्रेरणा के बिना इस मुकाम तक पहुंचना संभव नहीं था। महाराष्ट्र, बेंगलुरु, हैदराबाद एवं पुणे में रियल एस्टेट व्यवसाय में सक्रिय रूप से कार्यरत उनके पति विष्णु शंकर चौधरी का विशेष योगदान रहा। भारतीय रियल एस्टेट विषय अब बहुत कम शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं।

# मिशन जागृति : पुलिस ने 47 आरोपितों को किया गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन जागृतिके तहत जयपुर दक्षिण पुलिस ने व्यापक कार्रवाई करते हुए 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान के दौरान मादक पदार्थों सहित नकदी और वाहन भी बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान में मानसरोवर, सोडाला और अशोक नगर सर्किल क्षेत्रों में एक साथ सघन कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट में 13 प्रकरण दर्ज कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि आबकारी अधिनियम में 6 और अन्य मामलों में 8 आरोपियों को पकड़ा गया। इसके अलावा विभिन्न धाराओं में कुल 20 गिरफ्तारी की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 490.69 ग्राम स्मैक, 456 ग्राम गांजा और 14 चरस बरामद की। साथ ही 2 लाख 9 हजार रुपए नकद, एक कार और छह मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। अभियान में ड्रोन टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से कच्ची बस्तियों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके मोबाइल की जांच और विस्तृत पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य नशे के कारोबार पर रोक लगाना, ड्रग्स की सप्लाई चेन को तोड़ना और वांछित अपराधियों की धरपकड़ करना है। साथ ही जागरूकता अभियान, निरीक्षण और पुनर्वास जैसे प्रयास भी इसके तहत किए जा रहे हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे से संबंधित किसी भी सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर 9530424984 पर संपर्क करें।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न, 250 रोगियों ने उठाया लाभ

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय ताल मैदान स्थित 45 वर्षों से जनसेवा में अग्रणी सेठ श्री सूरजमल गौरीदत्त मित्तल आई एण्ड जनरल हॉस्पिटल एवं अग्रवाल सेवा मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक विशाल निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजमोहन सर्राफ, सूर्य प्रकाश जैसनसरिया, मित्तल ट्रस्ट के व्यवस्थापक महेश पंसारी एवं अग्रवाल सेवा मण्डल के अध्यक्ष पंकज गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक सूर्य प्रकाश लढीया ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रणजीत बेनीवाल द्वारा कंप्यूटराइज्ड दृष्टि जांच, कालापानी तथा रेटिना की जांच की गई। वहीं दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ मेघा सोनी ने डिजिटल एक्स-रे, दांतों की सफाई एवं मुख रोगों से संबंधित परामर्श दिया। इसके अतिरिक्त शिविर में सीबीसी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांचें भी पूर्णतः निःशुल्क की गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर में पंजीकरण करवाने वाले मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं अन्य विशेष सेवाओं पर 20 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की गई। शिविर में क्षेत्र के लगभग 250 रोगियों ने लाभ उठाया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर की सफलता में अग्रवाल सेवा मण्डल के मंत्री विश्वनाथ रातूसरिया, संदीप भीवानिया, रवि बायवाला, नवनीत जैसनसरिया, सौरभ जैसनसरिया, देवकी नंदन ढाढरिया, विपिन गोयल, विकास लढिया, अनिल गोयल, संतोष जैसनसरिया, प्रहलाद राय जैसनसरिया सहित मित्तल महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृत्युंजय पारीक, हिंदी व्याख्याता रीना वर्मा, इतिहास व्याख्याता मयंक गुप्ता, जीडी मित्तल स्कूल के प्राचार्य रमाकांत शर्मा, कमल शर्मा, एनएसएस अधिकारी सरोज चाहर, सीपी मोनपुरिया, एनएसएस के विद्यार्थियों एवं अस्पताल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190